# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 342 । भोपाल, मंगलवार, 12 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



दुआ के साथ इज्तिमे का समापन — पृष्ठ 3

- यह तो जातिवाद का विरोध नहीं, हिमायत है!
- कॉप 28 जलवायु परिवर्तन पर सैन्यीकरण के प्रभाव का संज्ञान लेने में विफल — पृष्ठ 4

- हेल्पलाईन के प्रकरणों का प्राथमिकता से किया जाए निराकरणः कलेक्टर — पृष्ठ 6

भारत को विकसित बनाने के लिए मैं क्या कर सकता हूं — पृष्ठ 8


## भाजपा ने फिर चौंकाया : नए चेहरे को दी कमान, डॉ. मोहन यादव चुने गए विधायक दल के नेता


# मोहन होंगे मध्यप्रदेश के मुखिया



**भोपाल, देशबन्धु।** अपने फैसलों से अक्सर चौकाने वाले भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर लोगों को चौंका दिया है। पार्टी ने डॉ. मोहन यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया। वे राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में उनका नाम कहीं भी चर्चा में नहीं था। दिग्गजों को दरकिनार कर उन्हें मुख्यमंत्री की कमान सौंपने का भाजपा आलाकमान का निर्णय दावेदारों के साथ-साथ राजनैतिक प्रेक्षकों के लिए भी चौंकाने वाला नाम है। अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले डॉ. यादव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करीबी हैं। राज्य के विधानसभा चुनाव में 230 सीटों में से 163 पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी और नेता चुनने के लिए सोमवार को पार्टी कार्यालय में बैठक बुलाई गई जहां सर्वसम्मति से डॉ. यादव को दल का नेता चुन लिया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि विधायक दल की बैठक में डॉ. मोहन यादव के नाम का प्रस्ताव मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया और समर्थन पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह, तुलसीराम सिलावट ने प्रस्ताव का समर्थन किया। इसके बाद पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने डॉ. यादव के विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। इस अवसर पर 2 अन्य पर्यवेक्षक पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा मौजूद थे।

### शिवराज सिंह चौहान ने किया था नाम का प्रस्ताव

### विधानसभा अध्यक्ष होंगे तोमर



वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर विधानसभा अध्यक्ष होंगे। वे हाल ही में मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा क्षेत्र से जीतकर आए हैं। सरल, सहज और दृढ़ स्वभाव के श्री तोमर के पास मोदी सरकार में कृषि मंत्री का दायित्व था। इससे पहले से अन्य मंत्रालयों का जिम्मा भी संभाल चुके हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रहे श्री तोमर प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं के बीच कुशल संगठक के रूप में जाते हैं। उनका नाम मुख्यमंत्री पद के लिए काफी चर्चा में था।

### राज्यपाल ने दिया सरकार बनाने का न्यौता



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ नेताओं के साथ राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल को पत्र सौंपा और सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे कुछ देर पहले निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा। राज्यपाल ने डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री नियुक्त कर सरकार बनाने का न्यौता दिया है।

### 2 उपमुख्यमंत्री बनेंगे

#### बड़ा दलित चेहरा हैं जगदीश देवड़ा



प्रदेश में थावरचंद गहलोत के बाद एक बड़े दलित चेहरे जगदीश देवड़ा को उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। 1990 में पहली बार विधायक बनने के बाद से अपने लगभग 33 वर्ष के लंबे राजनीतिक कार्यकाल में श्री देवड़ा 8वीं बार विधायक बने हैं। वे प्रदेश की 2003 में उमा भारती सरकार से लेकर शिवराज सरकार तक में उन्होंने बड़े विभाग संभाल चुके हैं। मौजूदा वित्त मंत्री के अलावा वे पहले परिवहन, गृह, श्रम, जेल विभाग के भी मंत्री रह चुके हैं। गहलोत के राज्यपाल बनने के बाद श्री देवड़ा मप्र में पार्टी बड़े दलित चेहरा हैं।

#### विंध्य के कद्दावर नेता राजेन्द्र शुक्ल



विंध्य के कद्दावर नेता राजेन्द्र शुक्ल को उपमुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा जाएगा। श्री शुक्ल का जन्म 3 अगस्त 1964 को रीवा में हुआ था। उन्होंने सरकारी स्कूल से पढ़ाई की और सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल की। युवावस्था में ही नेतृत्व के गुण विकसित होने के कारण वे 1986 में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष बने। वह 1986 में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष थे। वे 5वीं बार विधायक चुने गए।

## छात्र राजनीति से मुख्यमंत्री की कुर्सी तक का सफर

मुख्यमंत्री पद के लिए चुने जाने वाले डॉ. मोहन यादव की राजनीति की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुई थी और वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करीबी है।

25 मार्च 1965 में जन्मे डॉ. यादव लंबे अरसे से राज्य की सियासत में सक्रिय है उनके राजनीतिक सफर पर गौर किया जाए तो वह 1982 में उज्जैन के माधव विज्ञान महाविद्यालय के सह सचिव चुने गए थे और 1984 में छात्रसंघ के अध्यक्ष बने थे। उसके बाद इसी साल उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की उज्जैन के नगर मंत्री की कमान संभाली और 1986 में विभाग प्रमुख बने। इतना ही नहीं 1988 में अभाविप के प्रदेश मंत्री बने और राष्ट्रीय कार्यक्रम समिति सदस्य भी बने। वह 1989-90 में परिषद की प्रदेश इकाई के मंत्री बनाए गए और 1991-92 राष्ट्रीय मंत्री चुने गए। यादव 1993 से 1995 तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उज्जैन नगर के शहर खंड कार्यवाह रहे और 1996 में खंड कार्यवाह तथा नगर कार्यवाह की जिम्मेदारी का निर्वहन किया। वह 1997 में भाजपा की प्रदेश समिति में सदस्य बने, 1998 में उन्हें पश्चिम रेलवे बोर्ड की सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया। वह 2004 से 2010 तक उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भी रहे। 2011 से 2013 तक मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रहे। डॉ. यादव 2013 में पहली बार उज्जैन दक्षिण से विधायक बने। पार्टी ने 2018 में फिर उन पर भरोसा जताया और वह चुनाव जीते और 2023 में एक बार फिर निर्वाचित हुए और मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुँच गये।

## नाम सुनकर खुद चौंक गए यादव

भाजपा विधायक दल की बैठक से पहले नवनिर्वाचित विधायकों का फोटो सत्र हुआ। जिसमें डॉ. मोहन यादव पीछे तीसरी पंक्ति में बैठे थे। जब नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके नाम का प्रस्ताव किया तो वे खुद चौंक गए और खुद वहीं बैठे रहे। बाद में आगे आए और सभी के हाथ जोड़े और एक के बाद एक नेताओं ने उनका स्वागत किया।

### नेता चुने जाने के बाद कहा-

## विकास के कारवां को आगे बढ़ाएंगे



विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि वे विकास के कारवां को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने राज्य के मुखिया की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व, प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ भाजपा ही है जो एक छोटे से कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देती है।

## शिवराज, तोमर, विजयवर्गीय, पटेल, वीडी और सिंधिया समेत कई नेताओं ने दी बधाई

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के लिए मोहन यादव के नाम की घोषणा होने के बाद से उन्हें बधाईयों का तांता लगा हुआ है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर मोहन यादव को निवृत्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि श्री यादव को कर्मठ साथी बताया और कहा कि मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में आप मध्यप्रदेश को प्रगति और विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जाएंगे। साथ ही जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान रचेंगे, इस नई जिम्मेदारी के लिए बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं।



इसके अलावा सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में श्री चौहान ने वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल को भी उप मुख्यमंत्री पद पर मनोनीत किए जाने पर बधाई दी है। श्री चौहान ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने के निर्णय का भी स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि इन नेताओं के समृद्ध अनुभव से राज्य के विकास और जनकल्याण कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। वरिष्ठ भाजपा नेता विधायक नरेन्द्र सिंह तोमर ने भी भाजपा विधायक दल के नेता मोहन यादव को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इसी प्रकार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी मुख्यमंत्री के लिए मोहन यादव के नाम का ऐलान होते ही बधाई देने के साथ ही शुभकामनाएं व्यक्त की। नवनिर्वाचित विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने भी श्री यादव को शुभकामनाएं और बधाई दी है। वहीं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट बधाई संदेश में कहा कि सर्वसम्मति से मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री चयनित किए जाने पर उज्जैन दक्षिण से विधायक मोहन यादव को हार्दिक बधाई, मेरा पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आप डबल इंजन की सरकार के लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे और राज्य की उत्तरोत्तर वृद्धि सुनिश्चित करेंगे। प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने श्री यादव को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और आपके नेतृत्व में भाजपा सरकार उन्नति, समृद्धि और प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगी।

## सार-समाचार

### हिंडन एयरबेस में खोदी सुरंग, स्पॉट सील

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के हिंडन वायु सेना अड्डे की सुरक्षा में बड़ी सेंधमारी हुई है। एयरबेस के बाउंड्रीवॉल के पास 4 फीट गहरी सुरंग खोद दी गई है। लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी जिसके बाद इस स्पॉट को सील कर दिया गया है। एयरफोर्स की ओर से टीला मोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी गई है। अन्य जांच एजेंसियां भी इसकी जांच कर रही हैं।

### वाईएसआरसीपी विधायक ने विधानसभा से इस्तीफा दिया

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी को झटका देते हुए मंगलागिरि निर्वाचन क्षेत्र से विधायक ऑल रामकृष्ण रेड्डी ने सोमवार को विधानसभा और पार्टी से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के करीबी माने जाने वाले रामकृष्ण रेड्डी ने अपना इस्तीफा स्पीकर के ओएसडी को सौंप दिया, क्योंकि वह अपने कार्यालय में उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा स्पीकर को सौंप दिया है और उनसे इस्तीफा स्वीकार करने का भी अनुरोध किया है। रामकृष्ण रेड्डी ने कहा कि वह जल्द ही अपने इस्तीफे के कारणों का खुलासा करेंगे।

### संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 21 दिसंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत सोमवार को 21 दिसंबर तक बढ़ा दी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई भी मंगलवार को सूचीबद्ध की है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सिंह को विशेषाधिकार हनन मामले में अपनी दलीलें दाखिल करने के लिए संसद की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश होने की अनुमति भी दे दी। सिंह को 5 अक्टूबर को समिति के सामने पेश होना था, हालांकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें यहां उनके आवास पर दिनभर की तलाशी के बाद अब समाप्त हो चुके उत्पाद शुल्क नीति मामले की जांच के सिलसिले में 4 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया था।

### देश के सबसे बड़े खेल विज्ञान केंद्र का हुआ उद्घाटन

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को देश के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की साझेदारी में स्थापित सबसे बड़े अत्याधुनिक खेल विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। विभिन्न विषयों के एथलीटों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई यह समावेशी सुविधा, क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की जरूरतों को व्यापक रूप से पूरा करते हुए, चोट प्रबंधन, पुनर्वास, पुनर्प्राप्ति और प्रदर्शन में वृद्धि का केंद्र बनने के लिए तैयार है। यह केंद्र देश के विशिष्ट एथलीटों के लिए भी सुलभ होगा। पटनायक ने कहा कि इस खेल विज्ञान केंद्र की स्थापना खेल प्रतिभाओं को पोषित करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस केंद्र में यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयोगशालाएं हैं कि एथलीटों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप देखभाल और सहायता मिले, उनकी क्षमता विकसित हो और उन्हें उत्कृष्टता की ओर प्रेरित किया जा सके।

### हेमंत सोरेन को ईडी का समन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने फिर समन भेजकर 12 दिसम्बर को हाजिर होने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री को ईडी की ओर से भेजा गया यह छठा समन है। इससे पहले सोरेन को पांचवां समन भेजकर 4 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं गये थे। मुख्यमंत्री को इससे पहले 5 समन भेजे जा चुके हैं लेकिन एक बार भी वह ईडी ऑफिस में उपस्थित नहीं हुए। उल्लेखनीय है कि ईडी सोरेन को जमीन मामले में समन भेज रहा है। सोरेन की ओर से ईडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सोरेन ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर ईडी के समन को निरस्त करने का आग्रह किया था। लेकिन झारखंड हाईकोर्ट से भी सोरेन को झटका लगा था। हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री की ओर से दायर क्रिमिनल रिट याचिका को खारिज कर दी थी।

### सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सुनाया फैसला

# जम्मू-कश्मीर से 370 हटाने का फैसला बरकरार

### अगले साल सितम्बर तक चुनाव कराने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का केंद्र सरकार का फैसला बरकरार रहेगा। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को कहा कि आर्टिकल 370 अस्थायी प्रावधान था। संविधान के अनुच्छेद 1 और 370 से स्पष्ट है कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

भारतीय संविधान के सभी प्रावधान वहां लागू हो सकते हैं। केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया था। इसके 4 साल, 4 महीने और 6 दिन बाद आए फैसले में कोर्ट ने कहा, 'हम आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। हम लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं।' इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में 30 सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने के आदेश दिए।

#### कुल 23 याचिकाएं दाखिल हुई थीं

मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 खत्म कर दिया था। साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कुल 23 याचिकाएं दाखिल हुई थीं। 5 जजों की बेंच ने सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई की थी। संविधान पीठ में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस संजीव खन्ना शामिल थे। बेंच के सामने लगातार 16 दिन तक चली सुनवाई 5 सितंबर को खत्म हुई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के 96 दिन बाद केस पर फैसला सुनाया।



#### हर फैसले को चुनौती नहीं दे सकते

सीजेआई ने कहा कि केंद्र की तरफ से लिए गए हर फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। ऐसा करने से अराजकता फैल जाएगी। अगर केंद्र के फैसले से किसी तरह की मुश्किल खड़ी हो रही हो, तभी इसे चुनौती दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की यह दलील खारिज कर दी कि राष्ट्रपति शासन के दौरान केंद्र ऐसा कोई फैसला नहीं ले सकता, जिसमें बदलाव न किया जा सके। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि आर्टिकल 356 के बाद केंद्र केवल संसद के द्वारा कानून ही बना सकता है, ऐसा कहना सही नहीं होगा। सीजेआई ने बताया कि फैसले में 3 जजों के निर्णय हैं। एक फैसला चीफ जस्टिस, जस्टिस गवई और जस्टिस सूर्यकांत का है। दूसरा फैसला जस्टिस कौल का है। जस्टिस खन्ना दोनों फैसलों से सहमत हैं।


> हम आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। हम लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं : **सुप्रीम कोर्ट**




आर्टिकल 370 को निरस्त करने पर आज का सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है। ये सिर्फ कानूनी फैसला नहीं है। यह आशा की किरण है, उज्जवल भविष्य का वादा है : **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री



आर्टिकल 370 हटने के बाद गरीबों और वंचितों के अधिकार बहाल हो गए हैं। पत्थरबाजी अब अतीत की बातें हो गई हैं। पूरा क्षेत्र अब मधुर संगीत व सांस्कृतिक पर्यटन से गूंजता है : **अमित शाह,** गृह मंत्री



जम्मू-कश्मीर ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। आर्टिकल 370 को अस्थायी प्रावधान बताने वाला सुप्रीम कोर्ट का फैसला हमारी हार नहीं है, बल्कि भारत के विचार की हार है : **महबूबा मुफ्ती,** पूर्व मुख्यमंत्री



फैसले से निराश हूं, लेकिन हतोत्साहित नहीं। संघर्ष जारी रहेगा। यहां तक पहुंचने में बीजेपी को दशकों लग गए। हम भी लंबी दौड़ के लिए तैयार हैं : **उमर अब्दुल्ला,** पूर्व मुख्यमंत्री

## सार समाचार

### भाजपा जिला मुख्यालय पर मनाया जश्न

**गुना, देशबन्धु।** उज्जैन दक्षिण से हाल ही में निर्वाचित भाजपा के विधायक डॉ. मोहन यादव को पार्टी विधायक दल ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में अपना नेता चुन लिया है। उनके नाम का प्रस्ताव मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने किया, जिसका समर्थन पार्टी नेताओं ने किया। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया कि डॉ मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाएं जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय गुना में जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और आतिश बाजी चलाई गई। इसी के साथ ही प्रदेश में पहली बार दो-दो उपमुख्यमंत्री बनाएं गए जिसमे जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल को उप मुख्यमंत्री बनाया गया।

### पुरानी रंजिश पर जीजा-साले ने की मारपीट, मारा चाकू

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत श्रीराम कॉलोनी में पुरानी रंजिश पर एक व्यक्ति के साथ जीजा-साले ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विशाल राजपूत पुत्र नरेन्द्र सिंह राजपूत ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि उसका श्रीराम कालोनी के रहने वाले कमल नामदेव से मेरा दो-तीन साल पहले झगडा हुआ था। गत शाम वह श्रीराम कालोनी से रनिंग रूम रेल्वे स्टेशन तरफ आ रहा था। तभी रेल्वे पुलिया के पास रवि नामदेव एवं उसका साला कमल नामदेव, अजीत यादव आदि मिले और पीछे से उसकी कॉलर पकडक़र पुरानी लड़ाई पर गाली गलौंच कर मापीट शुरू कर दी। इस दौरान रवि ने अपने पास रखे चाकू से उस पर हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### चैक बाउंस मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा चैक बाउंस के एक मामले में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा न्यायालय गुना के चैक बाउंस के प्रकरण क्रमांक 118/19 धारा 138 एन.आई. एक्ट में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी हरिओम सेन निवासी शांति कालोनी बूढेबालाजी गुना के संबंध में सोमवार को मुखबिर से मिली सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुये प्रकरण में लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही है ।

### एसबीएम क्रिकेट क्लब और एसडीआरएफ ने जीतें मैच



**गुना, देशबन्धु।** ए टू जेड ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रथम राउंड में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला गुना इलेवन वर्सेस एसबीएम क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें एसबीएम क्रिकेट क्लब में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। गुना 11 पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 78 रन बनाएं। जिसके जवाब में एसबीएम क्रिकेट क्लब ने यह लक्ष्य 5.4 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे विनोद मीणा 13 बोल में 31 रन बनाए और 2 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए। दूसरा मुकाबला एसडीआरएफ क्रिकेट क्लब वर्सेस कैंट काउंट्री के बीच खेला गया। जिसमे एसडीआर एफ क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 131 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। जिसके जवाब में कैंट काउंट्री 10 ओवरों में 65 रन ही बना सकी। एसडीआरएफ ने ये मैच 65 रनों से जीत लिया। मंगलवार से ए टू जेड कप में ग्वालियर की और सागर की टीम का आगमन होगा ।

चांचौड़ा क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा शिविरों का किया आकस्मिक निरीक्षण

# आरआई को ग्राम में रोक कर कहा ग्रामीणों की समस्या सुने

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी द्वारा जनपद पंचायत चांचौड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत खटकिया, आमाल्या एवं बड़ोद में शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान आंगनवाड़ी प्राथमिक शाला भवन एवं माध्यमिक शाला भवन में बच्चों से चर्चा की और ग्रामवासियों की समस्या को संबंधित अधिकारियों को सुधार कराने के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान उन्होनें ग्राम पंचायत आमलिया के मध्यान भोजन में अनियमितता पाए जाने पर स्व सहायता समूह पर उचित कार्यवाही करने के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पुष्पेंद्र व्यास को निर्देशित किया और विद्यालय की बिल्डिंग क्षतिग्रस्त होने के कारण उसको अनुपयोगी घोषित करने एवं नवीन बिल्डिंग का प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिये गये। ग्राम



पंचायत आमलिया में स्कूल परिसर में खाली खुला पड़ा कुआं जो अनुपयोगी है उसे बंद कराने के निर्देश ग्राम पंचायत को दिये। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर श्री राठी

को बताया गया कि पटवारी समय पर उपस्थित नहीं होते हैं, इस पर रेवेन्यू इंस्पेक्टर को ग्राम में रोक कर ग्रामीणों की समस्या सुनने के लिए एवं पटवारी को तत्काल ग्राम पंचायत में बुलाने के निर्देश दिए । इसी प्रकार ग्राम पंचायत बड़ोद में एससी एसटी को पात्रता पर्ची जारी करने के निर्देश सचिव ग्राम पंचायत को दिये ग्राम बड़ोद में मनोहर शर्मा द्वारा शौचालय की राशि प्राप्त न होने संबंधी शिकायत को कलेक्टर श्री तरूण राठी अवगत कराया जिसका तत्काल भुगतान कराने हेतु बीसीएसवीएम को जांच के निर्देश दिए गए । निरीक्षण के दौरान जिपं सीईओ प्रथम कौशिक, जनपद सीईओ पुष्पेंद्र व्यास, तहसीलदार सत्येंद्र गुर्जर, नायब तहसीलदार श्री यादव एवं सभी कैंपों में संबंधित पंचायत समन्वय अधिकारी पटवारी/सचिव उपस्थित रहे ।

बोले, खाली हाथ रिटायर होना मंजूर नहीं

## आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे ग्रामीण डाक सेवक



**गुना, देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ गुना संभाग केंद्रीय नेतृत्व से मिले निर्देश के बाद अब 12 दिसंबर से फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहा है। संघ के संरक्षक रघुवीर सिंह रघुवंशी, संभागीय अध्यक्ष भगवानलाल शर्मा, सचिव महेन्द्र सिंह रघुवंशी, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र ङ्क्षसह धाकड़ एवं शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र सक्सेना ने बताया कि उनकी मांगें काफी पुरानी हैं। आश्वासन पर पहले से ही हमारा केंद्र सरकार को सहयोगात्मक रवैया रहा है लेकिन अब नहीं चलेगा। खाली हाथ रिटायर होना मंजूर नहीं है।

संघ की प्रमुख रूप से 7 मांगे हैं। जिनमे 8 घंटे का काम पेंशन सहित सभी सरकारी लाभ जोडक़र, दूसरा कमलेश चंद्र कमेटी की सभी सिफारिश को लागू करना जैसे 12, 14, 36, 5 लाख ग्रेजुवेटी 180 दिनों की छुट्टी को आगे बढ़ाना और नगदी भुगतान करना। तीसरा ग्रामीण डाक सेवक की एसडीबीएस में सेवा निर्वहन लाभ तीन फीसदी से बढक़र 10 फीसदी करने और ग्रामीण डाक सेवक को पेंशन प्रदान करने, चौथा ग्रामीण डाक सेवक के सभी प्रकार की प्रोत्साहन योजना को समाप्त कर जैसे आईपीपीबी,आरपीएलआई, बचत योजना,मनरेगा भुगतान को बंद कर कार्यभार की गणना की जाए। पांचवा व्यावसायिक लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारियों को उनके स्वयं के मोबाइल, फेसबुक, इंस्टाग्राम, सोशल मीडिया का पालन करने के लिए बिना उनकी इच्छा एवं जानकारी के विरुद्ध स्वयं के मोबाइल उपकरणों का उत्पीडन् रोका जाए। छठवा समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को लागू कर 5 घंटे का टीआरसीए सभी भेदभाव को समाप्त कर नियमित कर्मचारियों के समान वार्षिक वेतन वृद्धि सुनिश्चित की जाए। वहीं सातवां शाखा डाकघरों का कार्य बढ़ाने के लिए सभी शाखा डाकघर को लैपटॉप प्रिंटर और ब्रॉडबैंड नेटवर्क प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा ग्रामीण इलाके मे नौकरी करने उच्च शिक्षित युवा डाक सेवक बन रहे हैं लेकिन उनकी मानसिकता 8 घन्टे काम करके सुरक्षित भविष्य बनाने की है। अगले साल मार्च अप्रेल मे होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले देश के पौने तीन लाख जीडीएस 12 दिसंबर से हड़ताल पर जाने का मन बना चुके हैं। संगठन ने कहा अबकी बार आश्वासन पर नहीं मानेंगे और करो या मरो का फैसला किया है। लाखों ग्रामीण ग्राहकों तक सीधे पहुंच और विश्वास के बूते ग्रामीण डाक सेवकों ने सात मांगों को पूरा करने जो वक्त सरकार के केंद्रीय वित्त मंत्रालय को दिया हैं वह कल तक पूरा हो जाएगा। इधर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ ने हड़ताल की पूरी तैयारी कर ली है।

# नेत्र परीक्षण और नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर लगा



**गुना, देशबन्धु।** लायंस नेत्र चिकित्सालय में स्व. श्रीमती हरवंश खुराना की पुण्य स्मृति मे निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्व. खुराना के पुत्र जितेन्द्र खुराना एवं खुराना परिवार द्वारा चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवर पर उपस्थित लायंस नेत्र चिकित्सालय के चेयरमेन आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अखिलेश सोनी, अमरजीत सिंह सलूजा, हरीश रतरा द्वारा उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। नेत्र परीक्षण शिविर में 254 मरीजों का परीक्षण कर 101 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनके ऑपरेशन निन्शुल्क किये गये। एवं आगामी शिविर 12 दिसंबर को बीनागंज, पीपलखेड़ा, पिछोर , सुरवाया में किया जाएगा।

लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना में नेत्र दान की सुविधा उपलब्ध है। जिससे मरणोपरांत नेत्र दान कर किसी के भी आंखों की रोशनी बन सकते हैं। अभी तक लायंस नेत्र चिकित्सालय में अभी तक 7 पुण्यआत्माओं ने नेत्र कर 14 लोगों की जिंदगी में रोशनी प्रदान की। ज्ञातव्य रहे कि लायंस नेत्र चिकित्सालय के द्वारा अब तक 63000 से अधिक के सफल मोतियाबिन्द ऑपरेशन किये जा चुके है। लायंस नेत्र चिकित्सालय में चिकित्सीय उपकरण बैंक की सुविधा किरण सेवा न्यास इंदौर के सहयोग से निन्शुल्क उपलब्ध है जिसमें व्हील चेयर, पलंग, गद्दा, बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसनट्रेटर इत्यादि उपकरण उपलब्ध है।

सेवा काल में सहयोग देने पर सेवानिवृत्त हुए डॉ. उपाध्याय

## माना आभार, कार्यक्रम आयोजित कर सभी का किया सम्मान



**आष्टा, देशबन्धु ।** आष्टा सिविल अस्पताल में पदस्थ नेत्र इकाई के प्रमुख डॉक्टर अतुल उपाध्याय जिनका सेवाकाल पूर्ण होने पर अपने कार्यकाल के 40 वर्ष पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के बाद कार्यक्रम का आयोजन किया । इस अवसर पर अतुल उपाध्याय ने अपने साथियों जो आज इस दुनिया मे नही है ऐसे अरुण एस वोहरा,अशोक शीतल,घनश्यामदास गर्ग ,मनोज पाहुजा,पत्रकार सैयद नवाब अली के मरणोपरांत उनके परिजनों को भी आमंत्रित कर परिजनों का सम्मान किया । कार्यक्रम का शुभारंभ गीता माँ, डॉ प्रवीर गुप्ता,डॉ हीरा दलोदरिया,संतोष शर्मा डॉ श्रीवास्तव आदि ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर,किया। सभी अतिथियों का आयोजक डॉ. अतुल उपाध्याय, श्रीमती वेद ऋचा उपाध्याय,दिवाकर उपाध्याय, विदुषी उपाध्याय ने स्वागत सम्मान किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार,पत्रकार सुधीर पाठक ने भी संबोधित कर डॉ. अतुल उपाध्याय की सेवाओं की प्रशंसा की। कार्यक्रम के समापन सत्र में पहुचे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने भी सराहनीय सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए अतुल उपाध्यक्ष का स्वागत सम्मान कर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया और में अंत में सभी का आभार वेदऋचा उपाध्याय ने व्यक्त किया। आज कई संगठनों ने भी अतुल उपाध्याय का भी स्वागत सम्मान किया।

## संस्कृत भारती की बैठक हुई, जिला सम्मेलन की बनाई रुपरेखा

### फरवरी में जिला मुख्यालय पर होगा आयोजन

**गुना, देशबन्धु।** संस्कृत भारती मध्य भारत प्रांत की जनपद बैठक का आयोजन बीनागंज में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ। बैठक में फरवरी माह में संस्कृत भारती के जिला सम्मेलन और संस्कृत के प्रचार-प्रसार को लेकर रूपरेखा बनाई गई। बैठक में मुख्य अतिथि डॉ जागेश्वर पटेल रहे। वहीं विभाग संयोजक रमेश चंद्र शर्मा, बृजेश साहू प्रान्त कार्यकारणी सदस्य, रघुनंदन रघुवंशी कार्यालय प्रमुख एवं महेश कुमार लवबंसी मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ गोष्ठी का प्रारंभ किया। रामस्वरूप सेन व डॉक्टर मुकेश शर्मा द्वारा संस्कृत गीत का सस्वर गायन कर कार्यक्रम में मंचासीन



अतिथियों का स्वागत किया। बैठक में रमेश चंद शर्मा ने संस्कृत को वैज्ञानिक भाषा बताते हुये इसके प्रचार प्रसार पर जोर देने की बात कही। वहीं डॉक्टर जागेश्वर पटेल ने संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या रणनीति अपनाई जाए इस पर विस्तार से बताया और अपने विचार रखे। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से 4 फरवरी 24 को जिला सम्मेलन का आयोजन सरस्वती विद्यालय महावीर पुरा गुना में करने पर सहमति बनी। सम्मेलन में संस्कृत अनुरागी प्राध्यापक, शिक्षक, शासकीय व निजी स्कूलों में पदस्थ संस्कृत के शिक्षक, गीता स्वाध्याय के सदस्य, गायत्री परिवार,अरविंदो सोसायटी आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान, प्राइवेट कोचिंग एसोसिएशन, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, विवेकानंद ग्रुप, पतंजलि योग समिति के सदस्य व अन्य अलग-अलग समाज सेवा संगठनो के प्रमुख लोगो व पदाधिकारियो को जिला सम्मेलन में भागीदारी करने की अपील के साथ उन्हें आमंत्रित करने पर सहमति बनी। कार्यक्रम को लेकर तात्कालिक आयोजन समिति के सदस्यों की नियुक्ति कर प्रचार-प्रसार कर रूपरेखा को पूर्ण रूप देने की बात कही। बैठक में गोविंद मीना, सुभाष त्रिवेदी, गोविंद शर्मा, दिनेश जाटव, नितिन भारद्वाज, रामसिंह मीना, राजेश खंडेलवाल, रघुवीर यादव, मुकेश मीना, अमन आदि संस्कृत अनुरागी उपस्थित रहे। मंच संचालन जनपद मंत्री मुकेश शर्मा ने किया तथा आभार व्यक्त जनपद सहमंत्री डॉ. गोविंद मीना ने किया।

## जिला सनाढ्य सभा की बैठक संपन्न, श्रीकृष्ण राजौरिया बने अध्यक्ष



**गुना, देशबन्धु।** जिला सनाढय सभा की आम सभा की बैठक का आयोजन जिला सनाढ्य सभा संस्कार भवन दुर्गा कालोनी में किया गया। बैठक में देवीशंकर शर्मा के नेतृत्व में गठित कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता के लिए निर्वाचन अधिकारी के रूप में समाज की ओर से जगदीश प्रसाद पलिया के नाम का प्रस्ताव ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा किया गया। समर्थन प्रमोद शर्मा के साथ साथ सभी सदस्यों ने किया। वहीं अध्यक्ष देवीशंकर शर्मा द्वारा सम्पूर्ण कार्यकारिणी भंग कर अपना इस्तीफा दिया गया, जिसे मंजूर कर चुनाव अधिकारी द्वारा सभा के अध्यक्ष निर्वाचन हेतु प्रस्ताव सभा में पेश किया। उस पर विचार विमर्श के उपरांत सभा के सदस्य सत्य प्रकाश शर्मा द्वारा सभा के अध्यक्ष पद हेतु श्रीकृष्ण राजोरिया के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिसका समर्थन ओमप्रकाश बिरथरे के साथ बैठक मे उपस्थित सभी समाजबंधुओं ने समर्थन किया। इस दौरान अन्य किसी सदस्य का प्रस्ताव नहीं आया। ऐसी स्थिति में निर्वाचन अधिकारी पलिया द्वारा श्रीकृष्ण राजोरिया को सर्वसम्मति से निर्वाचित अध्यक्ष घोषित गया।

सभा में देवीशंकर शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में अपने दो वर्ष की उपलब्धियों को सभा समाने प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष रामकिसोर शमा द्वारा प्रत्येक महिने की क्रमबार आय व्यय पत्रक पेश की। महासचिव शिवदयाल शर्मा द्वारा दो वर्षों का सम्पूर्ण ब्योरा पेश के साथ साथ सभा का संचालन कर चुनाव प्रक्रिया को शांति पूर्ण समपन्न कराने के लिए आभार व्यक्त किया। सभा में लखन लाल शास्त्री ने समाज को नई दिशा देने के लिऐ अपने विचार रखे। वहीं कौशल्या देवी शर्मा अध्यक्ष महिला ईकाई ने भी अपने विचारों से समाज को अवगत कराया।

## साप्ताहिक समय सीमा बैठक में लंबित प्रकरणों से संबंधित की समीक्षा



**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिपं सीईओ प्रथम कौशिक, एडीएम मुकेश कुमार शर्मा, समस्त एसडीएम सहित समस्त जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में कलेक्टर श्री राठी ने बताया कि जन-कल्याण की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुँचाने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा'' निकाली जा रही है। इस यात्रा से यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रमुख योजनाओं के प्रति जन-सामान्य में जागरूकता पैदा हो। यात्रा के दौरान योजनाओं का फीडबेक भी लिया जायेगा। साथ ही योजनाओं संबंधी आवेदन प्राप्त कर लाभार्थियों का नामांकन एवं चयन होगा। बैठक के दौरान पीएम सम्मान निधि की समीक्षा करते हुए अभियान चलाकर किसानों के बैंक खातों की ई-केवायसी आधार लिंकिंग निर्देश दिए गए। ताकि पीएम सम्मान निधि तथा सीएम सम्मान निधि की सहायता राशि की अगली किस्त किसानों के बैंक खातों में आसानी से पहुंच सके। बैठक के दौरान सीएम हेल्प लाईन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सीएम हेल्प लाईन से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिता दी जावे। इस संबंध में आगामी शुक्रवार, शनिवार तथा रविवार को पुनन् समीक्षा की जायेगी। विशेषकर बड़े विभाग अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों का रिव्यू कर शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक के दौरान लंबित पत्रों की बिंदुवार समीक्षा की गयी एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन खंडेलवाल पंचायती ट्रस्ट समिति के चुनाव संपन्न

## राजेंद्र टोंग्या निर्विरोध बने अध्यक्ष, धर्मेन्द्र बज संभालेंगे मंत्री पद का दायित्व



गुना, देशबन्धु। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन बाजार मंदिर खंडेलवाल पंचायती ट्रस्ट समिति के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। समाज के उपाध्यक्ष जैनेंद्र झांझरी एवं मंत्री रविंद्र बज ने बताया कि चुनाव अधिकारी प्रदीप पाटोदी एवं सह चुनाव अधिकारी अनूप ज लुहाडिया के निर्देशन में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से द्विवर्षीय चुनाव संपन्न हुए। इस चुनाव के क्रम में वर्ष 2024-25 के लिए राजेंद्र टोंग्या को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं अमित सोगानी एवं देवेद्र पांडया को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी प्रकार मंत्री पद का दायित्व धर्मेंद्र बज को दिया गया। कोषाध्यक्ष अंकुर पांडया, सहमंत्री वैभव पांड्या सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किए गए। इस मौके पर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष पूनम चंद जैन पाटनी, प्रकाश पटौदी, अनिल पाटोदी, अमित सोगानी, सुरेंद्र बडज़ात्या, मंत्री रविंद्र बज ने सभी ट्रस्ट के सदस्यों ने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी का माला पहनकर स्वागत किया और उन्हें नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में निवृत्तिमान अध्यक्ष पूनम चंद पाटनी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और आभार निवृतमान उपाध्यक्ष जैनेंद्र झांझरी ने किया।

### गौशालाओं को तीन माह का अनुदान वितरित

**गुना, देशबन्धु।** उपंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग गुना डॉ. आरके त्यागी द्वारा ने बताया कि गौ सम्बर्धन बोर्ड भोपाल से जो जिले की पंजीकृत गौशालाओ के लिए चारा-भूसा हेतु अनुदान प्राप्त हुआ था। कलेक्टर श्री तरूण राठी के निर्देशानुसार 44 शासकीय गौशालाओं को राशि रुपये 40 लाख 52 हजार 700 चारा-भूसा हेतु गौशाला संचालको के खाते मे हस्तातरित कर दिया गया है साथ ही गौ सम्बर्धन बोर्ड भोपाल से जिले की निजी पंजीकृत गौशाला श्री बाध बाधेश्वर गौ सम्बर्धन एवं पर्यावरण समिति महेशपुरा चांचौडा़ के लिए जो 50 हजार रुपये गोबर से लकडी़ बनाने की मशीन क्रय करने हेतु प्राप्त हुऐ थे। उक्त राशि को भी कलेक्टर द्वारा चैक के माध्यम से सम्बधित गौशाला संचालक को जारी कर दिया गया है।

# दुआ के साथ इज्तिमे का समापन

## नमाज की पाबंदी रखना जरूरी: मौलाना साद



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के ईंटखेड़ी में चल रहे चार दिनी आलमी तब्लीगी इज्तिमा का समापन सोमवार को दुआ-ए-खास के साथ हो गया। आधे घंटे चली दुआ में दिल्ली मरकज के मौलाना मोहम्मद साद ने दुनिया में अमन-चैन के साथ मुल्क की तरक्की के लिए भी दुआ कराई। दुआ में लाखों लोगों ने शिरकत की।

दुआ-ए-खास से पहले फजिर की नमाज के बाद मौलाना साद ने आखिरी बयान में नमाज की पाबंदी करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें हर हाल में हक के रास्ते पर चलना है। इसी के साथ ईमानदारी भी बरतनी है और हक पर कायम रहना है। इससे पहले रविवार रात से सोमवार अल सुबह तक इज्तिमागाह पर लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। पुलिस ने सोमवार की भीड़ को देखते हुए एक दिन पहले बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी थी। दूसरी ओर, रेलवे स्टेशन से लेकर ईंटखेड़ी तक इज्तिमा कमेटी के स्वयंसेवक यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। दुआ के बाद जैसे ही लोग इज्तिमा स्थल से बाहर आना शुरू हुए, जमातियों का सैलाब सा दिखा। जिस और देखो अपने घर वापस जाते जमाती ही जमाती नजर आ रहे हैं। बस स्टैंड सहित रेलवे स्टेशन तक जमाती ही जमाती नजर आ रहे हैं। आयोजकों ने दावा किया है कि इस मजहबी समागम में 10 लाख से ज्यादा लोगों ने शिरकत की।

# कुख्यात बदमाश पुलिस से मुठभेड़ में हुआ घायल

## टेंट कारोबारी को मारी थी गोली, फिर थाना प्रभारी को दी थी धमकी

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में दिनदहाड़े टेंट कारोबारी को गोली मारने वाला एक कुख्यात बदमाश सोमवार तड़के पुलिस के साथ मामूली मुठभेड़ में घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। गौरतलब है कि बदमाश ने भोपाल में दिनदहाड़े एक टेंट कारोबारी को गोली मारी थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित कर सीहोर जिले के दोराहा थाना प्रभारी को जान से मारने की धमकी भी दी थी।



*हमीदिया अस्पताल में भर्ती बदमाश बन्ने खां ।*

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुख्यात बदमाश नसीम उर्फ बन्ने खां और आमिर उर्फ बर्फ ने अपने साथियों के साथ 3 दिसंबर रविवार को बुधवारा इलाके में स्थित ताज टेंट हाउस में घुसकर नवाज रियाज उम्र 30 वर्ष को गोलियां मारी थीं। साथ ही तलवार से हमला किया था। इस घटना के बाद से ही तलैया थाना की तीन और क्राइम ब्रांच की एक टीम बन्ने खां की तलाश कर रही थी। भोपाल सहित आसपास के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। बन्ने खां फरारी के दौरान सोशल मीडिया पर सक्रिय था। उसने एक वीडियो प्रसारित किया था, जिसमें उसने दोराहा थाना प्रभारी को गोली मारने की धमकी दी।

भोपाल क्राइम ब्रांच ने रविवार को इंदौर रोड खजुरी से बन्ने खां को पकड़ा था। उसने क्राइम ब्रांच को बताया कि वारदात में प्रयुक्त पिस्टल मनुआभान टेकरी पर फेंकी थी। पुलिस सोमवार तड़के पिस्टल रिकवरी के लिए बन्ने खां को टेकरी ले जा रही थी। इसी दौरान उसने भागने का प्रयास किया। इतना ही नहीं उसने पुलिस की राइफल छीनकर दो गोलियां भी दागी और पत्थर भी फेंके। पुलिस टीम की जवाबी गोलीबारी में एक गोली उसके पैर में लगी। डीसीपी रियाज इकबाल ने बताया कि आरोपी को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। आरोपी के गिरोह के तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब पुलिस को वारदात के मास्टर माइंड आमिर उर्फ बर्फ की तलाश है।

### बन्ने पर 45 प्रकरण दर्ज और 40 हजार का इनाम भी

डीसीपी ने बताया कि आरोपी नसीम उर्फ बन्ने खां केखिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी, लूट और डकैती का प्रयास, अड़ीबाजी जैसे 45 प्रकरण दर्ज हैं। वह पहले भी पुलिस की हिरासत से फरार हो चुका है। नसीम सीहोर, राजगढ़ और भोपाल में आपराधिक वारदातों को अंजाम देता आया है। उस पर 30 हजार रुपए का इनाम सीहोर पुलिस और 10 हजार का इनाम भोपाल पुलिस ने घोषित कर रखा है।

# दोस्त के पेट में गोली मारने वाले 3 गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

### वारदात में इस्तमाल पिस्टल हुई जप्त

**भोपाल, देशबन्धु।** हनुमानगंज इलाके में दोस्त को गोली मारने वाले बदमाश तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तमाल पिस्टल को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को इलाके में आरोपियों का जुलूस निकाला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फातिमा नगर न्यू कबाड़खाना निवासी मोहम्मद खालिद पुत्र मोहम्मद लईक उम्र 29 वर्षअपने पिता के साथ गैस चूल्हा सुधारने का काम करता है। बीते बुधवार रात करीब सवा बारह बजे वह खाना खाने के बाद घर से टहलने निकला था। तभी घर से कुछ दूर मोहल्ले की राज किराना स्टोर के सामने उसे जेब उर्फ जैद पिता पप्पू खान 26 साल निवासी गली नंबर 1 फातमा नगर न्यू कबाड़खाना और उसके दो साथी अरमान काला तथा उनेद मिले। जैब और खालिद पुराने दोस्त हैं। जैब ने खालिद से गाली-ग्लोच से बात की। इसका खालिद ने विरोध किया। तो जेब ने अपने पास रखी पिस्टल से उस पर गोली दाग दी, जिससे गोली उसके पेट में लगी। वारदात के वक्त खालिद का बड़ा भाई मो. तारिक कुछ दूरी पर खड़ा था। जैसे ही आरोपियों ने फायर किया उसने उन्हें ललकारा तो वह वहां से भाग निकले। इसके बाद उसने अपने छोटे भाई को गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था। जहां पर चिकित्सक ने ऑपरेशन कर पेट में फंसी गोली को निकाल दिया था। घायल की हालत अब खतरे से बाहर है। पुलिस इस वारदात के बाद से ही आरोपियों की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविवार रात को जैद को कबाड़खाना पुलिया के पास से हिरासत में लिया। वह वारदात करने की नियत से इलाके में आया था। उसकी निशानदेही पर उसके दोनों फरार साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।



## जाति प्रमाण पत्र के लिए समग्र आईडी अनिवार्य

**भोपाल, देशबन्धु।** जाति प्रमाण पत्रों की सेवाओ के लिये भी समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। लोक सेवा गारंटी के जिला प्रबंधक ने बताया कि जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमश: अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़े वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछड़े वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर इसे लाइव कर दिया गया है।

# पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया स्मरण



**भोपाल, देशबन्धु।** देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. प्रणव मुखर्जी की 88 वीं जयंती पर कांग्रेसजनों ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में स्वर्गीय मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह एवं उपाध्यक्ष प्रकाश जैन ने प्रणव दा के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुये बताया कि प्रणव दा भारत सरकार में रक्षा, वित्त, विदेश विषयक मंत्रालय, राजस्व, नौवहन, परिवहन, संचार, आर्थिक मामले, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय समेत कई विभागों में मंत्री रहे। उन्होंने जंगीपुर से लोकसभा का पहली बार चुनाव लड़ा। वे लोकसभा में सदन के नेता भी रहे। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने बताया कि प्रणव दा ने कांग्रेस पार्टी संगठन और सत्ता में विभिन्न पदों पर रहकर देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री गुरमीत सिंह मंगू, मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अवनीश बुंदेला, प्रवक्ता मिथुन अहिरवार, विवेक त्रिपाठी, राकेश चतुर्वेदी, हसरू खान सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# सभी विभाग विकसित भारत संकल्प यात्रा की पूरी तैयारी रखें: कलेक्टर




**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि जिले के नगरीय क्षेत्रों में 14 दिसंबर से एवं ग्रामीण क्षेत्र में 18 दिसंबर से यह विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ होगी। उन्होंने यात्रा के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि यात्रा में नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर केन्द्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं संबंधी लक्षित और पात्र लाभार्थियों को आवश्यक सुविधाएँ सुलभ कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाये।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाये जायेंगे। इनमें सामान्य जाँच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम स्थलों पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों के आवेदन भी प्राप्त किये जायेंगे। ऐसे किसान, पशुपालक, मछुआरे, जिनके पास क्रेडिट कार्ड नहीं हैं, उनके आवेदन लेने और संबंधित बैंकों से समन्वय कर क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की कार्यवाही भी की जायेगी। शिविर में आधार कार्ड के आद्यतन का कार्य और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किया जायेगा। इसी के साथ यात्रा के दौरान कार्यक्रम स्थलों पर लगाये गये शिविर में पेंशन योजनाओं के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। इसमें वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन की जानकारी देने के साथ ही प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही भी की जायेगी। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को यात्रा के दौरान उनसे संबंधित तैयारियों को पूर्ण रखने के निर्देश दिये। इसी के साथ कलेक्टर ने बैठक में राजस्व अधिकारियों को सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण तेज़ी से करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी राजस्व अधिकारियों को उनके न्यायालयों में नियमित सुनवाई कर पेंडेंसी कम करने के निर्देश भी दिये। बैठक मे नगर निगम आयुक्त फ्रेंक नोबल, सीईओ जिला पंचायत ऋतुराज सिंह, एडीएम हरेन्द्र नारायण, एडीएम प्रकाश सिंह, एडीएम भूपेन्द्र गोयल सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# गगन दमामा बाज्यो में जीवंत हुईं भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की वीरता



**भोपाल, देशबन्धु।** केजी त्रिवेदी स्मृति राष्ट्रीय नाट्य समारोह के चौथे दिन सोमवार को त्रिकर्षि नाटय संस्था ने पीयूष मिश्रा द्वारा लिखित नाटक गगन दमामा बाज्यो का मंचन किया।

दरअसल यह नाटक भगत सिंह के साथी रहे और बहुत बाद तक जीवित रहे शिव वर्मा के हवाले से बुना गया है। यही इस नाटक की शास्त्रीयता का सफल सूत्र है। वर्तमान से अतीत के बीच लगातार आवाजाही करते कथासूत्रों को निर्देशक के.जी.त्रिवेदी ने बड़े सलीके से पिरोया है। भगत सिंह की भूमिका में सुनील गायकवाड़, चन्द्रशेखर आज़ाद की भूमिका में संतोष पणिकर, सुखदेव के रूप में मॉरिस लॉजरस, राजगुरु के चरित्र में प्रवीण चौबे अपने अभिनय का लोहा मनवाते हैं। अन्य सभी कलाकारों ने अपने अभिनय को मंच पर प्रभावी ढंग से निभाया। नाटक मंचन के पूर्व पीयूष मिश्रा को केजी त्रिवेदी राष्ट्रीय नाट्य सम्मान, कमलेश वर्मा एवं देवेंद्र शर्मा (जोशी) को नेपथ्य रंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## सौम्या के दोहरे प्रदर्शन से मप्र की मेघालय पर विशाल जीत



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी की प्रतिभाशाली महिला क्रिकेट सौम्या तिवारी के शानदार दोहरे प्रदर्शन के दम पर बीसीसीआई द्वारा आयोजित महिला-23 टूर्नामेंट में मप्र ने मेघालय पर 199 रनों से पराजित किया। नागपुर में खेले गए मुकाबले में मध्य प्रदेश में मेघालय को 199 रन से हराया है। मध्य प्रदेश ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में एक विकेट पर 222 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कनिष्का ठाकुर 28 रन बनाकर आउट हो गई। इसके बाद मप्र की कप्तान सौम्या तिवारी ने नाबाद 63 रन की पारी खेली। अनुष्का शर्मा ने 111 रन की शतकीय पारी खेली। सौम्या ने बल्ले के बाद गेंद से कमाल दिखाते हुए चार ओवर में चार रन देकर चार विकेट लेकर दोहरा प्रदर्शन किया। संस्कृति गुप्ता ने दो, अनुष्का शर्मा और धानी बूचड़े ने एक-एक विकेट लिया। मेघालय की टीम नौ विकेट पर 23 रन ही बना सकी।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील कोलार जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 1366/अ-6/2023-24

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सुदामा प्रसाद शर्मा पुत्र हरीदास द्विवेदी व अन्य निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम बगली प.ह.नं. 01 स्थित भूमि खसरा नंबर 88/1 का अंश भाग भूखण्ड क्रमांक 141 जिसका क्षेत्रफल 75.60 वर्गमीटर का फौती नामांतरण/नामांतरण विक्रय पत्र के आधार राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

2. उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 21.12.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 07.12.2023 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसीलदार कोलार जिला- भोपाल**



**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**

क्रमांक / सेंट्रल स्टोर/न.नि./2023/59 सागर दिनांक 11.12.2023

**अल्पकालिक ऑनलाईन निविदा सूचना**

नगर निगम सागर के अंतर्गत सेंट्रल स्टोर शाखा द्वारा संपूर्ण 01 वर्ष के लिये ठंड के मौसम में नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने हेतु जलाउ लकड़ी प्रदाय करने की दरें बुलाने हेतु इच्छुक निविदाकारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण इस प्रकार है:

| ऑनलाइन टेण्डर क्रं. | समग्री का विवरण | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|
| 2023_UAD_318977_1 | नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने हेतु जलाउ लकड़ी प्रदाय करने कार्य | 10,000/- | 2000/- |

1. टेण्डर डाक्यूमेंट दिनांक 12.12.2023 समय 10.30 से दिनांक 18.12.2023 समय 17.30 तक सिर्फ ऑनलाइन बेवसाइट www.mptenders.gov.in द्वारा Directorate Urban Administration and Development के अंतर्गत क्रय किये जा सकते है। 2. निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्ते बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर जाकर देखी जा सकतीहै। 3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सिर्फ ऑनलाइन बेवसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम सागर**


# विद्यासागर स्कूल ने जीती सिंधी राइम्स प्रतियोगिता



**भोपाल, देशबन्धु।** सिंधी संगत दुबई की सातवीं इंटरनेशनल नर्सरी राइम्स प्रतियोगिता में विद्यासागर पब्लिक स्कूल भोपाल के विद्यार्थियों को मिला पहला स्थान। इस मौके पर सिंधी संगत ने सोमवार को स्कूल परिसर में पहला स्थान लाने वाले बच्चों को मिनीपैड टेबलेट देकर पुरस्कृत किया। संगत द्वारा घोषित प्रतियोगिता के परिणाम में जूनियर कैटेगरी से विद्यासागर पब्लिक स्कूल की कक्षा के.जी. 2 की ख्वाहिश रिझवानी और भविशा ज्ञानचंदानी ने प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस मौके पर उन्हें मिनीपेड टेबलेट देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय परिवार ने जीते हुए विद्यार्थियों के अभिभावकों को बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। बता दें कि आशा चांद द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का आयोजन 1 जुलाई से 30 सितंबर के बीच किया गया था। प्रतियोगी बच्चों को सिंधी भाषा में संगत द्वारा चुने हुए शीर्षकों पर कविता प्रस्तुत करते हुए अपना वीडियो बनाकर वेबसाइट पर अपलोड करना था।


**कार्यालय नगर परिषद थान्दला जिला झाबुआ (म.प्र.)**

क्रमांक / 1897/2023 थान्दला दिनांक. 07.12.2023

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित कि जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| सं. क्र. | ऑन लाईन टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मुल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | 2023_UAD_302313_1 | Development of green spaces at Thandla park, Dist- Jhabua (M.P) under amrut 2.0 scheme i) horticulture works, boundary wall and entrance gate,lighting and electrical works, open gym equipment,children play equipment | 270 days and 16.5 lacs | 2000 and 12375 | 26.12.2023 at 17:30 |
| 02 | 2023_UAD_318684_1 | Construction of CC Road at ward no 1, 4, and 9 in Thandla Dist-Jhabua Under the Kayakalp II phase Scheme | 270 days and 42.36 lacs | 5000 and 32000 | 26.12.2023 at 17:30 |

निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**अध्यक्ष**
**नगर परिषद थान्दला**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद थान्दला**

भोपाल, मंगलवार 12 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## भाजपा की उलझन

भारत के संसदीय इतिहास में शायद पहली मर्तबा हो रहा है जब किसी राजनैतिक दल को विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिला हो और वह हफ्ते भर से अपना मुख्यमंत्री तलाश रही हो। जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे 3 दिसम्बर को निकले उनमें से तेलंगाना में कांग्रेस के रेवंत रेड्डी और मिजोरम में जोराम पीपुल्स मूवमेंट के लालदुहोमा ने मुख्यमंत्री का पद ग्रहण कर कामकाज भी प्रारम्भ कर दिया है, ले-देकर छत्तीसगढ़ के मुखिया के रूप में विष्णुदेव साय का चयन कर उसकी तलाश एक राज्य में रविवार को समाप्त हुई। और सोमवार को मध्यप्रदेश में मोहन यादव के नाम पर मुहर लग पाई है। परन्तु भारतीय जनता पार्टी अब भी राजस्थान के मुख्यमंत्री का निर्धारण नहीं कर पाई है। यह अनुशासित पार्टी कही जाने वाली भाजपा के लिये आश्चर्यजनक है। उसके इतिहास व सांगठनिक स्वरूप को देखें तो यह एक हद तक सही भी लगता है लेकिन राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में उसे मुख्यमंत्री बनाने में जिस एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा है, उससे यह मिथक भी टूट रहा है।

यह संकट पूर्वानुमानित था। जब तीनों ही राज्यों में कई सांसदों और केन्द्रीय नेताओं को विधानसभा के चुनावी मैदान में उतारा गया, तभी आभास हो गया था कि इन राज्यों में भाजपा जीते या हारे, उसे इस तरह के संकट से गुजरना होगा। चूंकि उस समय इन तीनों ही राज्यों में भाजपा की पराजय का अंदेशा था, इसलिये सम्भवत: भाजपा नेतृत्व ने मामले की गम्भीरता का अंदाजा नहीं लगाया होगा। अप्रत्याशित रूप से इन राज्यों में उसे जो जीत मिली है, उसके बाद उसके समक्ष समस्या आन खड़ी हुई है- कौन बनेगा मुख्यमंत्री? छत्तीसगढ़ एक आत्मसंतोषी राज्य है जहां लोगों की महत्वाकांक्षाएं वैसी प्रबल नहीं है। साथ ही, यहां केन्द्र के मंत्री या सांसद विधायकी का चुनाव लड़ने के लिये उतारे गये, उनमें कोई भी ऐसा बड़ा चेहरा नहीं हैं जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर वैसी बड़ी पहचान हो। यहां के सबसे बड़े चेहरे के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की ही शिनाख्त होती है लेकिन वे भी अपनी विनम्रता और सौम्यता के लिये जाने जाते हैं। उनके बारे में पहले से ही अनुमानित था कि अगर उन्हें यह पद नहीं मिलता तो भी वे संगठन के खिलाफ न तो अपना रोष व्यक्त करेंगे या कोई बड़ा कदम उठाएंगे। यह उन्होंने साबित भी किया। साय को मुख्यमंत्री बनाकर उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाने का तय हुआ तो उन्होंने इस प्रस्ताव को सिर झुकाकर स्वीकार कर लिया।

रही बात राजस्थान व मध्यप्रदेश की, तो दोनों ही राज्यों में भाजपा के समक्ष जटिल परिस्थिति है। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री और वहां भाजपा की सबसे प्रभावशाली नेत्री वसुंधरा राजे सिंधिया हैं जिनका बड़ा सम्मान है पर यहां शीर्ष कमान की पसंद के चेहरे अन्य लोग हैं, मसलन बाबा बालकनाथ, गजेन्द्र सिंह शेखावत, किरोड़ीमल मीणा, दीया कुमारी, अश्विनी वैष्णव, अर्जुन मेघवाल आदि। छत्तीसगढ़ के रमन सिंह की ही तरह वसुंधरा की भी यहां चुनाव प्रचार के दौरान घोर उपेक्षा हुई थी। उनके समर्थक वह दृश्य नहीं भूल सकते जब राज्य भाजपा का घोषणापत्र भरे मंच पर उनके हाथ से छीन लिया गया था। उसके बाद उन्हें पकड़ाये गये घोषणापत्र को महारानी साहिबा ने हाथ तक नहीं लगाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, किसी ने भी चुनावी प्रचार सभाओं में उनके कामों का ज़िक्र नहीं किया। यहां तक कि कई सभाओं में वे गैर मौजूद रहीं। बताया जा रहा है कि उन्होंने अप्रत्यक्ष तौर पर जाहिर कर दिया है कि वे यह पद छोड़ेंगी नहीं। उनके साथ 60 से अधिक विधायकों के मजबूती के साथ खड़े बतलाये जाते हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह ने इन विधायकों की बाड़ेबंदी कर रखी है। भाजपा नेतृत्व को इस बात की भी आशंका है कि वे निवर्तमान कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ हाथ मिलाकर सरकार तक बना सकती हैं। 199 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा के 115 और कांग्रेस के 69 विधायक हैं। राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने का असमंजस ऐसा विकट है कि रविवार को दिल्ली से आने वाले पर्यवेक्षकों ने अपनी जयपुर यात्रा भी रद्द कर दी।

कुछ ऐसी ही स्थिति मध्यप्रदेश में भी रही। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी चुनाव प्रचार के दौरान पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया था। उनके कामों का उल्लेख तो दूर, उनका नाम भी मोदी-शाह द्वारा नहीं लिया जाता था। उनके धुर विरोधी भी मानते हैं कि चौहान यहां अपने दम पर कांग्रेस के जबड़े से जीत निकाल लाए हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि शिवराज सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री रहे मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर आगे राज्य की राजनीति कैसे मोड़ लेगी। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल केन्द्रीय कृषि मंत्री रहे नरेन्द्र तोमर को भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष बना दिया है और जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। इसका अर्थ यही है कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय जैसे कई दिग्गज हैं जो मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे, अब उन्हें किसी न किसी तरह आलाकमान को संभालना होगा।

छत्तीसगढ़ में अलबत्ता नये मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तैयारियां प्रारम्भ हो गई हैं, मध्यप्रदेश में भी जल्द ही मोहन यादव की सरकार बन जाएगी, लेकिन राजस्थान में ऊंट किस करवट बैठेगा, यह इन पंक्तियों के लिखे जाने तक तय नहीं हो सका है।

## यह तो जातिवाद का विरोध नहीं, हिमायत है!

मेरे लिए देश की चार सबसे बड़ी जातियां हैं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति गरीब हैं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति हैं युवा, मेरे लिए सबसे बड़ी जाति हैं, महिलाएं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति हैं किसान।' और 'इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। अगर चार का हो जाएगा तो इसका मतलब सब का हो जाएगा।' प्रधानमंत्री मोदी ने हाल के विधानसभाई चुनावों के नतीजे आने से ऐन पहले, विकसित भारत संकल्प यात्रा के सिलसिले में 'लाभार्थियों' से अपने बहुप्रचारित संवाद के क्रम में, जातियों की अपनी यह नयी, परिभाषा और पहचान पेश की थी। कहने की जरूरत नहीं है कि जब प्रधानमंत्री बार-बार 'सबसे बड़ी जाति', 'सबसे बड़ी जाति' कहते हैं, तो वह एक प्रकार से यही दावा कर रहे होते हैं कि उनकी नजर में अगर कोई वास्तविक जातियां हैं तो यही चार हैं और बाकी जिन्हें जातियों के रूप में सब अब तक मानते आए हैं, वे अगर मिथ्या नहीं भी हों तो भी, इस 'बड़ी' सच्चाई के सामने, कमतर सच्चाइयां जरूर हैं। इस तरह, नयी जातियां गढ़कर, जातियों की पारंपरिक पहचान के सामने खड़ी करने और इसके जरिए, जाति व्यवस्था की सच्चाई को ही नकारने की यह कसरत, प्रधानमंत्री ने उसके बाद से इस तरह बार-बार दोहराई है कि इसके वास्तविक अर्थ पर गौर करना जरूरी हो जाता है।

वास्तव में इस सिलसिले की शुरूआत तो हाल के विधानसभाई चुनावों के और खासतौर पर तीन हिंदीभाषी राज्यों में चुनाव के प्रचार के दौरान ही हो गई थी। जब इन हिंदीभाषी राज्यों में भाजपा की मुख्य राजनीतिक/ चुनावी प्रतिद्वंद्वी की हैसियत से कांग्रेस ने जाति गणना का मुद्दा प्रमुखता से उठाना शुरू किया और उसकी सरकारों ने अपने-अपने राज्यों में जाति-आधारित गणना कराने का ऐलान कर दिया और आम तौर पर इस पार्टी ने जाति गणना कराने का जोर-शोर से वादा करना शुरू कर दिया और बिहार में जाति सर्वे के नाम से जाति गणना के आंकड़े प्रकाशित किए जाने के साथ, जाति गणना का प्रश्न चुनावी रूप से भी महत्वपूर्ण हो जाने के आसार दिखाई देने लगे, इस मुद्दे के संभावित प्रभाव की काट करने के लिए प्रधानमंत्री ने, 'असली जाति' बनाम 'झूठी जाति' की उक्त जुमलेबाजी की शुरूआत की थी। यह दूसरी बात है कि इसके साथ ही घनघोर बौद्धिक मौकापरस्ती का परिचय देते हुए प्रधानमंत्री, इसकी दुहाई देने का भी कोई मौका नहीं छोड़ रहे थे कि वह चूंकि एक 'गरीब ओबीसी' हैं, इसीलिए विपक्ष के हमलों के निशाने पर हैं! इसके साथ ही साथ, प्रधानमंत्री जाति गणना की मांग को बांटने वाली और वास्तव में इशारों में बहुसंख्यक हिंदुओं को बांटने वाली गणना बताने में भी लगे हुए थे।

यह दूसरी बात है कि इसके बावजूद, जाति गणना के सीधे विरोध में आने से बचते हुए, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत भाजपा नेतागण, यह मनवाने में भी लगे हुए थे कि वे जाति गणना के खिलाफ नहीं थे, जिसका सबूत यह था कि जब नीतीश कुमार ने बिहार में जाति सर्वे कराने का निर्णय लिया था, गठबंधन में उनकी सहयोगी की हैसियत से, भाजपा की भी सहमति से ही उक्त निर्णय लिया गया था। यह दिखावा इसके बावजूद किया जा रहा था कि आम तौर पर जाति गणना का विरोध करने के अलावा, मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर, शुरू में बिहार के जाति सर्वे को अवैध बताने की कोशिश की थी, हालांकि बाद में इसके संभावित राजनीतिक/ चुनावी परिणामों को भांपकर, केंद्र सरकार के हलफनामे के उक्त पैरा को 'गलती' कहकर वापस ले लिया गया था।

बहरहाल, हाल के विधानसभाई चुनावों के नतीजे आने और खासतौर पर हिंदी पट्टी के तीन महत्वपूर्ण राज्यों—मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान—में भाजपा की प्रभावशाली जीत के बाद से, जाति-जनगणना के मुद्दे पर संघ-भाजपा खुले विरोध के अपने मूल रुख पर लौट आए लगते हैं। इस चुनाव के समय, जब संघ-भाजपा इस मुद्दे पर एक हद तक अपना बचाव ही करते नजर आते थे, कई टिप्पणीकारों का यह कहना था कि इन चुनावों में भाजपा को अगर धक्का लगता है या जाति गणना की मांग असरदार साबित होती है, तो आम चुनाव से पहले ही भाजपा खुद जाति गणना की पैरोकार बन जाएगी। लेकिन, चूंकि इस चुनाव में जाति गणना की मांग खास असरदार साबित नहीं हुई है, संघ-भाजपा इस गणना के खुले विरोध के अपने मूल रुख पर लौट गए लगते हैं। प्रधानमंत्री की असली जाति बनाम झूठी जाति की जुमलेबाजी, इसी का इशारा करती है।

यह किसी से छुपा हुआ नहीं है कि जाति गणना के मुद्दे पर संघ-भाजपा का और इसलिए मोदी सरकार का भी रुख, शुरू से ही विरोध का रहा था। यह रुख तब खुलकर सामने आ गया, जब पिछली यूपीए सरकार के आखिरी वर्षों में कराई गई सामाजिक-आर्थिक दर्जे की गणना के आंकड़ों का नीति-निर्धारण के लिए उपयोग करना तो दूर, मोदी सरकार ने इन आंकड़ों को ही 'गैर-भरोसेमंद' कहकर, सीधे-सीधे खारिज कर दिया। उल्टे मोदी के पहले कार्यकाल के शुरूआती सालों में ही आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने, संघ परिवार के मूल मनुवादी तथा इसलिए आरक्षणविरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए, आरक्षण की व्यवस्था के जारी रहने के औचित्य पर ही सवाल उठाते हुए, इसकी 'समीक्षा' का समय आ जाने का ऐलान कर दिया था।



राजेंद्र शर्मा

> जाति व्यवस्था का सार, ऊंच-नीच पर आधारित सामाजिक स्तर विभाजन में है। लेकिन, संस्कृति या परंपरा या धर्म के नाम पर, इसका औचित्य सिद्ध करना संभव नहीं हो और इस सच्चाई को नकारना भी संभव न हो, तो जाति व्यवस्था को ही जातिगत पहचानों के ऐसे गट्ठर में तब्दील करने की कोशिश की जाती है, जिसमें साथ रखी गई जाति इकाइयां आपस में ऊंच-नीच के किसी दमनकारी रिश्ते में बंधी ही नहीं होती हैं।

लेकिन, उसके कुछ ही समय बाद हुए बिहार के विधानसभाई चुनाव में, भागवत के उक्त ऐलान के नुकसान को कम करने के लिए उन्हें जितनी तथा जैसी सफाइयां देनी पड़ी थीं, उससे संघ-भाजपा ने यह समझ लिया था, सीधे आरक्षण की व्यवस्था का विरोध करना राजनीतिक रूप से असह्य रूप से महंगा पड़ सकता है। उसके बाद से उन्होंने सीधे आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना या उस पर सवाल उठाना तो बंद कर दिया है, लेकिन कथित ऊंची जाति के गरीबों के 'सुदामा आरक्षण' जैसी व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के जरिए परोक्ष रूप से, ऐतिहासिक सामाजिक दमन की सच्चाई और उसके शमन के साधन के रूप में आरक्षण की व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिशें फिर भी जारी रही हैं। जानी-पहचानी जाति विभाजन की सच्चाई के सामने, गरीबों या महिलाओं या युवाओं या किसानों की वंचितता को खड़ा करने की प्रधानमंत्री की जुमलेबाजी, उक्त कोशिशों की ही निरंतरता में है।

यह बात याद रखने वाली है कि प्रधानमंत्री जब जाति की जानी-पहचानी सच्चाई के सामने, 'बड़ी' या 'ऊंची' सच्चाई के रूप में किसानों या गरीबों या महिलाओं या युवाओं की चिंता को रखने की लफ्फाजी करते हैं, तो वह किसानों, गरीबों आदि की चिंताओं को रेखांकित करने की नहीं बल्कि जाति व्यवस्था की सब की जानी-पहचानी सच्चाई को ही नकारने की कोशिश कर रहे होते हैं। यह संघ-भाजपा के बुनियादी विचारधारात्मक रुख के ही अनुरूप है, जो मनुवाद पर या ब्राह्मणवाद पर आधारित है और इसलिए, भारतीय समाज में जाति व्यवस्था की सच्चाई को ही नकारने की कोशिश करता है; सीधे-सीधे इसका औचित्य सिद्ध करना मुश्किल जो है।

सभी जानते हैं कि जाति व्यवस्था का सार, ऊंच-नीच पर आधारित सामाजिक स्तर विभाजन में है। लेकिन, संस्कृति या परंपरा या धर्म के नाम पर, इसका औचित्य सिद्ध करना संभव नहीं हो और इस सच्चाई को नकारना भी संभव न हो, तो जाति व्यवस्था को ही जातिगत पहचानों के ऐसे गट्ठर में तब्दील करने की कोशिश की जाती है, जिसमें साथ रखी गई जाति इकाइयां आपस में ऊंच-नीच के किसी दमनकारी रिश्ते में बंधी ही नहीं होती हैं।

संघ-भाजपा ने, एक ओर एक दमनकारी व्यवस्था के रूप में जाति व्यवस्था की सच्चाई को नकारते हुए भी, इस दमनकारी रिश्ते से काटकर, जातिगत पहचानों को ही अपने साथ गोलबंद करने में खासी महारत हासिल कर ली है। जातिगत पहचानों के साथ इस तरह का रिश्ता, एक ओर अलग-अलग जाति-आधारित समूहों का समर्थन हासिल करना संभव बनाता है और दूसरी ओर, वंचित जाति समूहों के भी जाति-व्यवस्था के विरुद्ध आवेग को वैचारिक रूप से बधिया करने का काम करता है। यह जातिवाद का विरोध या उस पर हमला नहीं, जाति व्यवस्था का बचाव, उसकी हिमायत ही है। नरेंद्र मोदी की नयी 'सबसे बड़ी' जातियों की खोज, कथित नयी बड़ी जातियों को तो कुछ नहीं देगी, जाति व्यवस्था विरोधी आवेगों से, जिनमें जाति गणना, आनुपातिक आरक्षण की मांग आदि शामिल हैं, इस व्यवस्था को बचाने का ही काम करेगी।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

## कॉप 28 जलवायु परिवर्तन पर सैन्यीकरण के प्रभाव का संज्ञान लेने में विफल

■ डॉ. अरुण मित्रा

यह स्वागत योग्य है कि दुनिया भर से 80000 से अधिक प्रतिभागी जलवायु संकट को कम करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए दुबई में एकत्र हुए हैं, जिसे अगर रोका नहीं गया तो विनाशकारी होगा। यह घटना ऐसे समय में हो रही है जब महज 2600 किलोमीटर की दूरी पर गाजा में इजरायल द्वारा निर्दोष नागरिकों पर बमबारी के परिणामस्वरूप भयावह मानवीय संकट सामने आ रहा है। इससे 16000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गये हैं जिनमें से 70 फीसदी महिलाएं और बच्चे हैं और इसने बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है जिससे लोग बेघर हो गये हैं।

कोई भी सैन्य गतिविधि जलवायु संकट को बढ़ाती है। अब तक यह सर्वविदित है कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में सैन्य गतिविधि का योगदान 5.5 फीसदी होने का अनुमान है। हाल के वर्षों में हमने दुनिया भर में सैन्य खर्च में पर्याप्त वृद्धि देखी है। फिलहाल यह पहले से कहीं ज्यादा है। 2022 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2240 बिलियन डॉलर हो गया, जिसमें से 82.9 बिलियन डॉलर अकेले परमाणु हथियारों पर खर्च किये गये।

सरकारों द्वारा सैन्य व्यय पर रिपोर्टिंग हमेशा एक गुप्त मामला होता है और 'सुरक्षा कारणों' से सैन्य संबंधी गतिविधियों की रिपोर्टिंग में कोई पारदर्शिता नहीं होती है। ग्लोबल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड कॉन्फ्लिक्ट और पर्यावरण वेधशाला के वैज्ञानिकों के डॉ. स्टुअर्ट पार्किंसन और लिन्से कॉटरेल ने एक अध्ययन 'सैन्य के वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का आकलन' में बताया है कि यदि दुनिया की सेनाएं एक देश होतीं, तो इस आंकड़े का मतलब होता कि उनके पास दुनिया में चौथा सबसे बड़ा राष्ट्रीय कार्बन फुटप्रिंट- रूस से भी अधिक होता। शोधकर्ताओं ने पाया कि यूक्रेन युद्ध के पहले 12 महीनों में 1190 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्पादन हुआ, जितना कि बेल्जियम ने इसी अवधि में उत्पादित किया था।

> वैश्विक हथियारों की होड़ से स्वास्थ्य और जलवायु को ख़तरा है। निरस्त्रीकरण और विसैन्यीकरण से जलवायु शमन के वित्तपोषण में मदद मिल सकती है। सहयोग और मानव सुरक्षा राजनीति और निर्णय लेने के केंद्र में होनी चाहिए। कॉप 28 को कम से कम कॉप 29 के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक आयोग का गठन करना चाहिए।

यह सैन्य उत्सर्जन को मजबूती से मापने और संबंधित कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए ठोस कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है- खासकर जब ये उत्सर्जन यूक्रेन में युद्ध और गाजा में इजरायली आक्रामकता के मद्देनजर बढ़ने की संभावना है।

इसलिए यह जरूरी है कि कॉप 28 में विचार-विमर्श के दौरान निरस्त्रीकरण को मुख्य स्थान दिया जाना चाहिए। पिछला कॉप 27 भी निरस्त्रीकरण पर कोई बयान जारी करने में विफल रहा था और ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार भी वैसा ही अंतिम परिणाम होगा। हालांकि इस बार इंटरनेशनल फिजिशियन फॉर द प्रिवेंशन ऑफ न्यूक्लियर वॉर (आईपीपीएनडब्ल्यू) सहित कुछ संगठनों ने इस मुद्दे को उजागर करने का एक मुद्दा बनाया, अगर मुख्य मंच पर नहीं, तो कम से कम प्रतिभागियों के बीच।

यह अजीब बात है कि कॉप 28 में एक घोषणा को अपनाया गया जिसमें राष्ट्रों से स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने ग्रीन-हाउस गैस उत्सर्जन को तेजी से, स्थायी रूप से और पर्याप्त रूप से कम करने का आह्वान किया गया। ऐसा तब हुआ है जब सैन्य गतिविधि द्वारा कुल उत्सर्जन के 5.5 फीसदी की तुलना में वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र द्वारा 4.4 फीसदी उत्सर्जन होता है। जबकि सैन्य गतिविधि मारने के लिए है, स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र जीवन को बनाये रखने के लिए है।

आईपीपीएनडब्ल्यू ने आगे चेतावनी दी है कि युद्ध जारी रहने से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा हो सकता है जो विनाशकारी होगा। इरा हेलफैंड पूर्व सह-अध्यक्ष इंटरनेशनल फिजिशियन फॉर द प्रिवेंशन ऑफ न्यूक्लियर वॉर (आईपीपीएनडब्ल्यू) और पर्यावरण विज्ञान विभाग, रटगर्स यूनिवर्सिटी, यूएसए के एलन रोबॉक द्वारा किये गये एक अध्ययन, 'क्षेत्रीय परमाणु युद्ध के जलवायु परिणाम' ने बताया है कि पृथ्वी पर मौजूद वर्तमान परमाणु हथियार जलवायु के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं और इस प्रकार सभी जीवन रूपों के लिए खतरा पैदा करते हैं। 100 हिरोशिमा आकार के परमाणु हथियारों का उपयोग करके भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु आदान-प्रदान दो अरब लोगों को खतरे में डाल देगा; प्रमुख परमाणु शक्तियों के बीच कोई भी परमाणु आदान-प्रदान हजारों वर्षों के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत हो सकता है। विस्फोटों और परिणामी आग के कारण वातावरण में घुली कालिख और मलबा सूरज की रोशनी को पृथ्वी तक पहुंचने से रोक देगा, जिससे औसत सतह -1.25 डिग्री सेंटीग्रेड तक ठंडी हो जायेगी जो कई वर्षों तक बनी रहेगी। यहां तक कि 10 साल बाद भी, सतह का औसत तापमान -0.5 डिग्री सेंटीग्रेट के स्तर पर लगातार ठंडा रहेगा। इससे वैश्विक स्तर पर वर्षा में 10 फीसदी की कमी आयेगी और फसल बर्बाद हो जाएगी, जिससे भुखमरी और मौतें होंगी।

इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि कॉप 28 को परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन का आह्वान करना चाहिए और परमाणु हथियार रखने वाले देशों को परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (टीपीएनडब्ल्यू) में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बातचीत को बढ़ावा देना चाहिए।

जब ऊर्जा के गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों पर स्विच करने की बात होती है, तो कॉप 28 के भीतर एक लॉबी है जो परमाणु ऊर्जा के महत्व पर बोलती है। यह एक झूठी और खतरनाक कहानी है। परमाणु ऊर्जा जलवायु परिवर्तन का कोई समाधान नहीं है। इसके गंभीर स्वास्थ्य परिणाम होते हैं और परमाणु प्रसार का खतरा बढ़ जाता है। परमाणु ऊर्जा महंगी और अविश्वसनीय है, समग्र बिजली उत्पादन के सापेक्ष महत्व खो रही है, तथा लागत-प्रभावशीलता और उत्पादन के मामले में नवीकरणीय ऊर्जा से पीछे है और है इसलिए आउट डेटेड है। इसलिए यह आवश्यक है कि दुनिया नये परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण बंद कर दे, परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तेजी से चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दे, और एक उचित नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ जाये।

हमें 1.5 डिग्री की सीमा के भीतर रहने के लिए 2030 तक उत्सर्जन में आधी कटौती करने की आवश्यकता है और इस तरह धरती की सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य सुनिश्चित करना होगा। माउंट एवरेस्ट क्षेत्र के ग्लेशियरों पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव का वीडियो संदेश 'हमें अग्रिम पंक्ति के लोगों की सुरक्षा के लिए और वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित करने के लिए, जलवायु अराजकता की सबसे खराब स्थिति को रोकने के लिए अभी कार्य करना चाहिए' दुनिया भर के अरबों लोगों की आवाज को व्यक्त करता है। जो जाने-अनजाने में जलवायु संकट के परिणामस्वरूप प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसी बीमारी है जिसे केवल आप, वैश्विक नेता ही ठीक कर सकते हैं।' उन्होंने नेताओं से जीवाश्म ईंधन पर दुनिया की निर्भरता को खत्म करने और जलवायु न्याय के लिए लंबे समय से लंबित वादे को पूरा करने का आह्वान किया।

कॉप 28 के उद्घाटन दिवस पर प्रतिनिधियों ने दुनिया के सबसे कमजोर देशों को जलवायु आपदा के विनाशकारी प्रभावों से होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति करने के लिए एक कोष के संचालन हेतु एक समझौते पर सहमति व्यक्त की, जो एक हद तक स्वागत योग्य कदम है। हालांकि यह अंतिम समाधान नहीं है। इसकी त्रुटियों का विकसित देश तो लाभ उठा लेंगे, लेकिन विकासशील दुनिया अपने ही नागरिकों के लिए विकास की दौड़ में पीछे रह जायेंगे।

वैश्विक हथियारों की होड़ से स्वास्थ्य और जलवायु को ख़तरा है। निरस्त्रीकरण और विसैन्यीकरण से जलवायु शमन के वित्तपोषण में मदद मिल सकती है। सहयोग और मानव सुरक्षा राजनीति और निर्णय लेने के केंद्र में होनी चाहिए। कॉप 28 को कम से कम कॉप 29 के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक आयोग का गठन करना चाहिए।

## पावन प्रसंग

### कठिन समय का सामना कुछ ऐसे करें

यह जीवन ईश्वर का एक अद्भुत उपहार है। जो परिस्थितियों के जटिल चक्रव्यूह से होकर आगे बढ़ता रहता है जिसमें कभी खुशी तो कभी गम कभी हार तो कभी जीत, कभी उतार तो कभी चढ़ाव आते रहते हैं। घटनाक्रमों के इन सिलसिलों के बीच कठिन एवं विकट पल भी आते हैं जब जीवन दूभर हो जाता है। यदि व्यक्ति ऐसे समय में नहीं संभला तो उसको टूटते-बिखरते देर नहीं लगती, लेकिन सही समझ व धैर्य के साथ इसका सामना किया जाए, तो यही विषय पल व्यक्ति के उत्कर्ष का माध्यम बन जाते हैं और जीवन के उच्चतम सत्य की ओर ले जाते हैं। जीवन के विकट पल हमारे लिए उत्थान व उत्कर्ष का अवसर बनें, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है। जिसमें सर्वप्रथम है परिस्थिति को स्वीकार करना। जो भी विवाद घटना या जीवन के कठिन पल हैं, उन्हें स्वीकार करें। इसे ईश्वर का दिया हुआ उपहार मानें या अपने कर्मों से जुड़ा गहन रहस्य समझें, जो जीवन की नई समझ देने के लिए आया है।

इस समझ व स्वीकृति के साथ ही संघर्ष की नई ऊर्जा का संचार होता है। विकट परिस्थिति को अपनी नियति का एक हिस्सा मानते ही चुनौती के रूप में आभासित पल आगे बढ़ने के अवसर बन जाते हैं। इन कठिन पलों में अपनों का संग-साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अपने परिवारजनों, मित्रों व शुभचिंतकों का संग इन पलों से उबरने में निर्णायक भूमिका निभाता है। इनसे प्राप्त भावनात्मक सिंचन जीवन कली को मुरझाने नहीं देता। इनका सहारा टूटने-बिखरने के कगार पर खड़े अस्तित्व को संभाले रहता है, लेकिन दूसरों के सहारे ही जीवन की नैया पार होगी। ऐसी भी गलतफहमी नहीं पाली जा सकती है। जीवन का सामना अंतत: अपने दमखम पर ही करना होता है और दूसरों के साथ की अपनी सीमा रहती है। इसके लिए स्वयं को समय देना अभीष्ट हो जाता है। कठिन समय में जीवन के बिखरने व टूटने का खतरा रहता है ऐसे में अपने तन-मन व जीवनचर्या पर आवश्यक ध्यान रखें। उचित आहार-विहार, शारीरिक सक्रियता, विश्राम एवं नींद का सहारा लें। शरीर के साथ मन का श्रेष्ठ नियोजन करें। अपने कर्तव्य कर्मों में निमग्न रहें। ये सब अनावश्यक तनाव-अवसाद से बचाए रखते हैं। नियमित कागज पर अपने मनोभावों को लिखने का अभ्यास करें। इनके साथ मन का गुबार बाहर निकलता है तथा चित्त का बोझ हलका होता है और आप बेहतर अनुभव करते हैं। प्रकृति की गोद में कुछ समय अवश्य बिताएं, जो मन की शांति स्थिरता के लिए संजीवनी का काम करता है। साथ ही जीवव के अर्थ व उद्देश्य को तलाशें, जो व्यक्ति को जीवन की गहराइयों में प्रतिष्ठित करता है और एक सार्थकता की अनुभूति के साथ मनोबल व आत्मबल केअवदान दे जाता है। इसके लिए नियमित रूप से आत्मनिरीक्षण से लेकर आत्मसुधार एवं निर्माण का न्यूनतम कार्यक्रम निर्धारित करें। दैनिक क्रियाकलापों में अपनी रूचियों को स्थान दें। ये जीवन में एक नया रस व रंग घोलने का काम करते हैं। नित्य इनके लिए कुछ समय-अवश्य दें, ये जीवन में एक नई ताजगी व उल्लास भरने वाले उपक्रम साबित होंगे। इसके साथ स्वयं को सतत प्रेरित रखें। श्रेष्ठ पुस्तकों को पढ़ें व प्रेरक लोगों की संगत तलाशें। एक समय एक कदम उठाएं तथा जीवन की छोटी-छोटी विजय को हासिल करते चलें। ये जीवन के प्रति आशा व उत्साह से लबरेज रखने का माध्यम बनेंगे।

जीवन को अत्यधिक गंभीरता से न लें तथा स्वयं के प्रति उदारता का भाव रखें। साथ ही दूसरों के प्रति कृतज्ञता का भाव अपनाएं। ये सब जीवन को सरस-सुखद बनाए रखने में सहायक बनते हैं। साथ ही कठिन दौर में कुछ बातों को याद रखें। आप पहले भी ऐसी व इससे भी कठिन परिस्थितियों को पार कर चुके हैं और आप पुन: इससे बाहर निकल जाएंगे। इस समय आप कितना भी बदतर क्यों न अनुभव कर रहे हों, यह समय हमेशा ऐसा नहीं रहने वाला और विश्वास रखें कि आप वर्तमान समस्या से अधिक महान हैं, अधिक विराट एवं शक्तिशाली हैं। यह भी मानकर चलें कि मन की शांति पर डाका डालने वालों में सबसे बड़ा खलनायक काल्पनिक भय रहता है। भय के साथ कल्पित 90 प्रतिशत बातें कभी घटित नहीं होतीं। अत: मन की इस माया को समझें व कल्पित भय पर काबू पाने की कोशिश करें।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### आर्टिकल 370 को निरस्त करने के राष्ट्रपति के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने वैध ठहराया

संविधान अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट की पांच खंडपीठ ने वैध ठहराया। सुप्रीम कोर्ट संविधान के आधार पर फैसला देती है इसमें कोई गुंजाइश इसलिए नहीं होती है कि झूठ को सत्य साबित नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ पर पूरे देश की नजर थी। न्यायमूर्ति ने फैसला सुनाते ही चार साल की ऊहापोह शान्त हो गई। कश्मीर में मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया गया। पूरे देश में खुशी पसरी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राष्ट्रपति के सभी फैसला को न्यायसंगत मानते हुए मोहर लगा दी है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि अनुच्छेद 370 अस्थायी प्रावधान है और यह सरकार की अंतरिम व्यवस्था थी और पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध के हालात में इसकी जरूरत आ पड़ी। भारत में विलय के बाद जम्मू-कश्मीर की कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं बची थी। न्यायमूर्ति ने केंद्र सरकार का बखान कर कहा कि केंद्र सरकार का काम करना संवैधानिक रूप से योग्य था। राष्ट्रपति को दिए अपने पावर को टेकओवर करने में कानूनी बाधा नहीं है। जब से सुप्रीम में याचिका दाखिल की गई है। तब से देश में कानाफूसी बढ़ गई थी। लोग तरह-तरह की बातें करते थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का फैसला आते ही सबसे पहले कश्मीर के लोगों में खुशी दिखाई दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा को सूचना दिए बिना केन्द्र का निर्णय सर्वोपरि मानते हुए सर्वोच्च अदालत ने जायज ठहराया। केंद्र की गरिमा बरकरार रखी गई। उपरोक्त फैसले से केंद्र की सर्वोच्चता स्थापित हुई है और लोगों का केंद्र पर भरोसा प्रगाढ़ हुआ है। अभी केंद द्वारा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की चर्चा है। चुनाव भी करवाये जा सकते हैं। संसद से पारित कानूनों को जम्मू-कश्मीर पर राष्ट्रपति के आदेश के बाद लागू किए गए हैं। यह एक महत्वपूर्ण घटक है। केंद सरकार संविधान के दायरे में रह कर कोई भी फैसला लेती है इसलिए सुप्रीम कोर्ट इस विषय पर स्पष्टीकरण करते हुए केंद्र के कार्य की सराहना की है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### प्रतियोगिता में आदर्श ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों को मिला तीसरा स्थान



**सिरोंज, देशबन्धु।** जिला ताइक्कांडो संघ विदिशा द्वारा आयोजित की गई ओपन डिविजनल ताइक्कांडो प्रतियोगिता 10 दिसंबर को अग्रवाल धर्मशाला विदिशा में आयोजित की गई। जिसमें भोपाल संभाग के सभी जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें आदर्श ताइक्कांडो क्लब के 31 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में सहभागिता कर और शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण पदक 5 रजत पदक और 11 कांस्य पदक प्राप्त कर उक्त प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में निमिषा जाटव, तेजस्विनी कुशवाह,साम्या थापक,विधि कुशवाह, अरनव कौरव, नवदीप जाट, समर्थ दिनकर, और जुनियर बालिका वर्ग में विधि कुशवाह अंडर 42 किलोग्राम में भी स्वर्ण पदक जीता। इस प्रकार कुल 8 स्वर्ण पदक हमारे खिलाड़ियों ने जीते। रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में आस्था साहू,राखी साहू, दिव्यांश खटीक, हर्षित बैरागी और ध्रुव प्रताप सिंह शमिल है कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में चतुर्वी सोनी, आदविका भावसार, वेदांशी जैन, कार्तिक प्रभाकर, हिमांशी प्रजापति, दिव्यांश पाल, अक्षांश दांगी, ह्दयांश पटेल,आदर्श दांगी,असद खान, और जूनियर वर्ग में दिव्यांश जाट शामिल है इस प्रकार इस संभागीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में आदर्श ताइक्कांडो क्लब के खिलाड़ियों ने कुल 24 पदक प्राप्त कर प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया इस टीम के कोच के रूप में सरदार सिंह कुशवाह और मैनेजर के रूप में चिरंजीवी नेमा शामिल थे।

### यूरिया की कमी नहीं, किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिलेगी खाद

**छतरपुर, देशबन्धु।** उपसंचालक कृषि डा बीपी सूत्रकार ने जिले के ग्रामीण अंचल में खेतों में फसल का मुआयना करके किसानों से कहा है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद का भंडारण है, चिंता न करें सभी किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद मिलेगी। डा सूत्रकार ने बताया कि कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन में जिले में रविवार को एक एनएफएल यूरिया की रैक 2600 मीट्रिक टन की प्राप्त हुई है। जल्दी ही दो रैंक और छतरपुर जिले में भेजने का प्रपोजल भेजा गया है। उन्होंने बताया जिले में यूरिया की मांग 35000 मीट्रिक टन थी, जिसके विरुद्ध 23000 मीट्रिक टन मिल चुकी है। वर्तमान की रैक से लगभग 2200 मीट्रिक टन खाद प्राप्त होने वाली है जो 25000 मीट्रिक टन से अधिक हो जायेगी। जिससे अब किसानों को यूरिया की कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने बताया जिले में डीएपी खाद 2100 मीट्रिक टन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, उसके विकल्प के रूप में कंपलेक्स फर्टिलाइजर 4000 मीट्रिक टन से अधिक उपलब्ध है। उपसंचालक कृषि डा बीपी सूत्रकार ने बताया कि रबी की बुवाई लगभग 98 प्रतिशत हो चुकी है। छुटपुट खेत बोनी के लिए रह गए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर गुलगंज, बंधा, बडामलहरा, भगवा, घुवारा तथा चंदौली गांव का भ्रमण करके क्षेत्र में बोई गई रबी फसलों का जायजा लिया गया है। खेतों में जाकर कई किसानों से संपर्क भी किया। इस दौरान कई किसानों को खेतों में यूरिया खाद डालते देखा गया। किसानों को बताया गया कि यूरिया का उपयोग गेहूं फसल में पहली सिंचाई के बाद और दूसरी सिंचाई के बाद टॉप ड्रेसिंग के रूप में दो बार किया जाता है। इसकी मांग दिसंबर के अंत तक किसानों को रहती है तभी तक किसानों को यूरिया उपलब्ध रहे इसके पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

वीडियो कॉफ्रेंस कर दिए निर्देश

# कलेक्टर ने अधिकारियों से ली विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की जानकारी



**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा के सफल आयोजन हेतु प्रत्येक पहलू को ध्यान में रखकर कार्ययोजना बनाई जाए। यह यात्रा जिले की सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में पहुंचेगी।

कलेक्टर दुबे ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ देना है। इसके लिए यात्रा के दौरान नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया जाएगा। इन शिविरों में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके, इसके लिए किन्हीं कारणों से योजनाओं के हितलाभ से शेष रह गए पात्र हितग्राहियों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाए।

कलेक्टर दुबे ने सीएमएचओ को निर्देश देते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएंगे। इनमें सामान्य जाँच तथा उपचार की सुविधा उपलब्ध रहे, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने निर्देश देते हुए कह कि ऐसे किसान, पशुपालक, मछुआरे जिनके पास क्रेडिट कार्ड नहीं है, उनके आवेदन प्राप्त कर बैंकों के माध्यम से क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त शिविरों में आधार कार्ड के अपडेशन का कार्य और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किया जाएगा। कलेक्टर दुबे ने बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में सीएम हेल्पलाईन में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द संतुष्टिपूर्ण निराकरण किए जाने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवीन बस स्टैंड सहित कई मार्गों से नपा अमले ने हटाया अतिक्रमण



**सिरोंज, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिरोंज के निर्देशानुसार नगर के मुख्य मार्ग जैसे नवीन बस स्टेण्ड, मण्डी रोड, पुराना बस स्टेण्ड, बलेजा पेट्रोलपम्प, आदि स्थानों पर से आम रास्ते पर किये गये अतिक्रमण को नगरपालिका अमले द्वारा हटाया गया। जिसमें आम रास्ते पर रखने वाले रेत रखकर किये गये अतिक्रमण एवं आम रास्ते पर सामग्री को रखकर जिनके द्वारा अतिक्रमण किया गया उनके विरुद्ध नगरपालिका द्वारा चालानी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। जिन लोगों द्वारा आम रास्ते पर गाड़ी धोने का कार्य किया जाता है उनके नल कनेक्शन को विच्छेद किये गये। नगरपालिका द्वारा 39 चालान काटे जाकर, 8900 रू बसूल किये गये एवं 04 नल कनेक्शन को काटे गये एवं नगर में लोगों के द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही निरंतर रहेगी। तथा आम नागरिकों से यह भी अपील है कि कम वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए पानी को व्यर्थ न गवाये एवं जिनके नलों में टोंटी नही लगी है जिनके द्वारा पानी व्यर्थ वह रहा है। उनमें तत्काल टोंटी लगाने अन्यथा उन नलों को निकाय द्वारा काटे जाने की भी कार्यवाही की जावेगी।

अतिक्रमण में नगरपालिका के विनोद शर्मा, उदयनारायण रावल, संजीव यादव, अविनाश भृगु आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने बताया कि जो लोग घरेलू कनेक्शन लेकर व्यावसायिक उपयोग कर रहे हैं उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे हमने ऐसे 18 स्थान चिन्हित किए हैं जो उक्त कृत्य कर रहे हैं। ज्ञात रहे की अल्प वर्षा के कारण आगामी समय में पेयजल की किल्लत होने की संभावना बनी हुई है इस कारण नगर पालिका पानी बचाओ अभियान में खास रुचि ले रही है।

# पॉश कॉलोनी में सूने घर के ताले तोड़कर 10 लाख की चोरी

**छतरपुर, देशबन्धु।** रविवार सोमवार की दरम्यानी रात सिविल लाइन थाने के अंतर्गत पन्ना रोड पर बनी पैराडाइज कालोनी के एक सूने घर के ताले तोडकर चोर 10 लाख रूपये का सामान चुराकर भाग गये हैं। सुबह चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर जाकर तहकीकात शुरू कर दी है।

पैराडाइज कालोनी शहर की पांश कालोनियों में से एक है। ये कालोनी चारों ओर से बाउंड्री और उस पर लगे कंटीले तारों से घिरी है। इसके बावजूद चोरों ने सर्दी की सन्नाटे वाली रात का फायदा उठाया और दबे पांव बाउंड्रीवाल के कंटीले तार काटकर कॉलोनी के अंदर दाखिल हो गये। संभवत: इस कालोनी में सेवानिवृत्त प्रोफेसर नरेन्द्र जैन के मकान की चोरों ने रैकी करके पहले से चिन्हित कर लिया था, जो सूना पडा था। दरअसल प्रोफेसर का बेटा और बहू दो माह पहले ही इस मकान में रहने के लिये आए थे। वे 6 दिसंबर को मकान मे ताले लगाकर एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिये बाहर गये थे। सोमवार को सुबह करीब 5 बजे के बाद जब वे लोग छतरपुर लौटे तो कालोनी में अपने घर के ताले टूटे देखकर उनके होश उड गये। परिवार के लोगों ने जब शोर मचाया तो कालोनी में रहने वाले तुरंत उनके यहां जा पहुंचे। इधर चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर जा पहुँची। बताया गया है कि इस घर के पार्क के दूसरी ओर एक घर में लगे सीसीटीवी के फुटेज जब चैक किये गये तो पता चला कि परिवार के वापस लौटने से कुछ घंटे पहले सोमवार की सुबह करीब 4 बजे चोर घर में दाखिल हुये थे। वे 17 मिनट तक घर के अंदर रहे और कम समय में पूरा सामान समेटकर 4 बजकर 20 मिनट पर आराम से बाहर निकले और जहां से आये थे उसी मार्ग से निकलकर भाग गये। जब घर के अंदर देखा गया तो पता चला कि चोर नगदी और जेवर सहित करीब 10 लाख रूपये का सामान यहां से चुराकर ले गये थे। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक पडताल में पता चला कि चोर कालोनी की रेलवे लाइन की ओर वाली दीवार पर चढकर वहां सुरक्षा के लिहाज से लगाये गये कंटीले तारों को काटकर कालोनी में दाखिल हुये। वारदात को अंजाम देकर उसी रास्ते से बाहर निकलकर भागे थे। हालांकि पुलिस को अभी तक चोरों का सुराग नहीं मिला है। मगर पुलिस शीघ्र मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है। वहीं पाश कालोनी में इस घटना के बाद से वहां रहने वालों में दहशत फैली है। यहां बता दें कि इस कालोनी में चोरी की ये पहली वारदात नहीं बल्कि इसके पूर्व भी 11 महीनों में कालोनी में दो बार बडी चोरियां हो चुकी हैं। पहली चोरी 12 फरवरी 2023 को मकान नंबर 25 में हुई थी और दूसरी चोरी जून 2023 में मकान नंबर 92 में हुई थी। 11 महीने में तीसरी बडी चोरी की घटना ने यहां रहने वालों की नीद उडाकर रख दी है।

# रामलीला महोत्सव मनाने के लिए की गई व्यापक तैयारियां

- रामलीला मेला न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने कैलेंडर का विमोचन किया



**रायसेन, देशबन्धु।** 15 दिसंबर से श्री रामलीला महोत्सव की शुरुआत हो जाएगी। श्री रामलीला उत्सव के लिए तैयारियां जोर-जोर से शुरू, अभिनय के लिए कलाकारों का चयन भी कर लिया गया है। यह जानकारी सोमवार को स्थानीय सर्किट हाउस में श्री रामलीला मेला आयोजन समिति पदाधिकारियों ने पत्रकारों को दी। इस दौरान श्री रामलीला मेला न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं कलेक्टर अरविंद दुबे ने कैलेंडर का विमोचन किया। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी ने बताया कि श्री रामलीला मेला आयोजन के लिए समिति की ओर से जो कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें श्री रामचरितमानस पर आधारित श्री रामलीला का मंचन किया जाएगा जिसके लिए कार्यक्रम तय कर लिया गया है । इसमें 15 दिसंबर को दक्ष यज्ञ श्री गणेश स्थापना होगी, 18 दिसंबर को शिव बारात का आयोजन, 19 दिसंबर को श्री राम जन्म की भव्य प्रस्तुति, 20 दिसंबर को ताड़का वध, 21 दिसंबर को धनुष यज्ञ की लीला, 22 दिसंबर को श्री राम बारात का विशाल आयोजन, 23 दिसंबर को श्री राम विवाह की मनमोहक प्रस्तुति, 24 दिसंबर को दशरथ दरबार, 25 दिसंबर को श्री राम वन गमन, श्री गंगा अवतरण, 26 दिसंबर को श्री राम भरत मिलाप, 27 दिसंबर को खरदूषण पर एवं सूर्फनखा संवाद, 28 दिसंबर को सीता हरण की लीला, 29 दिसंबर को सुग्रीव मित्रता वाली वध का आयोजन, 30 दिसंबर को लंका दहन का आयोजन होगा, 31 दिसंबर को श्री राम सेतु बांध की स्थापना होगी। वही नया वर्ष 1 जनवरी को विभीषण शरणागति, 2 जनवरी को रावण अंगद संवाद, 3 जनवरी को लक्ष्मण शक्ति का आयोजन, 4 जनवरी को कुंभकरण वध, 5 जनवरी को अतिकाय का वध, 6 जनवरी को मेघनाथ वध सती सुलोचना की कथा, 7 जनवरी को अहिरावण वध, 8 जनवरी को नारानतक वध, 9 जनवरी को तारणी सेन का वध, 10 जनवरी को लंका पति रावण वध का मुख्य कार्यक्रम, 11 जनवरी को भगवान श्री राम का राजतिलक और 12 जनवरी को हवन शांति, प्रसाद वितरण के साथ श्री रामलीला उत्सव का विधिवत समापन किया जाएगा। रामलीला मेला आयोजन के लिए रामलीला समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी द्वारा रामलीला मेला संचालन समिति का गठन किया गया है, जिसमें पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, पंडित बद्री प्रसाद पाराशर, पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा, पंडित प्रदीप आचार्य, पंडित जगत प्रसाद शुक्ला को शामिल किया गया है।

**रामलीला के दौरान यह कलाकार करेंगे अभिनय:** रामलीला मेला आयोजन समिति की ओर से रामलीला के पात्र कलाकारों का चयन कर लिया गया है रामलीला के दौरान अभिनय कला का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों में भगवान श्री राम की भूमिका रुद्राक्ष शर्मा, लक्ष्मण की भूमिका कृष्णा शुक्ला, भरत जी की भूमिका मोहित शर्मा, शत्रुघ्न की भूमिका उज्जवल दुबे, हनुमान जी की भूमिका पंडित अनिल शर्मा, गणेश जी की भूमिका पंडित रामबाबू शर्मा होंगे।

# देवरी गौशाला को लेकर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मुरैना, देशबन्धु।** धौलपुर रोड स्थित देवरी गौशाला में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने जिला कलेक्टर से कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। डिप्टी कलेक्टर को दिए आवेदन में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने बताया कि देवरी गौशाला मुरैना में 24 से 25 कर्मचारी नियुक्त हैं, लेकिन मौके पर 8 से 9 कर्मचारी ही कार्य कर रहे हैं, शेष कर्मचारियों का वेतन गोलमाल करके निकाला जाता है। गौशाला में मरीज वार्ड का टीनसेट विगत तीन-चार वर्ष पहले तूफान में उड़ गया था जिसे आज दिनांक तक रिपेयर नहीं किया गया है। गौशाला से गौवंश को पैसे लेकर बेचा जाता है व दोषी कर्मचारियों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस घटना का अपराध पुलिस थाना सिविल लाइन में दर्ज है। देवरी गौशाला में दो ही सिक्योरिटी गाईस से रात-दिन ड्यूटी कराई जाती है जो कि भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई, वहां रिटायर्ड सैनिक नियुक्त किए जाएं। गौशाला के भ्रष्टाचारियों के द्वारा वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरा को बंद कराया गया है, उक्त सभी कैमरा को चालू कराया जाए। गौशाला के समस्त कर्मचारियों व सिक्योरिटी गार्डों की सूची सार्वजनिक की जाए। विगत दो वर्षों से गौशाला में भूसा व हरा चारा सप्लाई टेंडर बाजार भाव से दुगने दामों पर किया जा रहा है, यह गौशाला में सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है। पूर्व में गौशाला में भूसा टैंडर 7 से 8 फर्मों में से कम रेट वाली फर्म को ही टेंडर दिया जाता था, लेकिन विगत दो वर्षों से सिंगल फर्म पर टैंडर बाजार भाव से दुगनी रेट पर दिया जाता है। वर्तमान भूसा व हरा चारा टेंडर को तत्काल निरस्त कर नया टेंडर एमपी ऑनलाइन पोर्टल द्वारा बुलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक फर्मों में से कम से कम दामों पर भूसा सप्लाई हो और गौशाला को कम बजट में अधिक चार सप्लाई हो सके। गौशाला से चारा मशीन विद्युत मोटर लोहे के पाइप पानी के इम, लोहे के पच्छा और तार फेंसिंग आज भी बड़ी मात्रा में चोरी होती रही है। इसके साथ ही देवरी गौशाला में 10 से 15 कर्मचारियों की अति आवश्यकता है, अभिलंब नियुक्त किए जाएं। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

# इंस्टाग्राम पर पोस्ट अवैध हथियारों की तस्वीरें और वीडियो को लेकर एसपी से शिकायत

**मुरैना, देशबन्धु।** एक युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर ग्लैमर दिखाने हेतु अवैध हथियारों की तस्वीर एवं वीडियो पोस्ट की जा रही है, जिसके खिलाफ पुलिस अधीक्षक को एक युवक ने शिकायत की है और पोस्ट डालने वाले आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को अमित सिंह नामक युवक द्वारा शिकायत की गई है कि अंकित राजावत निवासी सोलंकी पेट्रोल पंप के पीछे, कुशवाह कॉलोनी मुरैना द्वारा लगातार इंस्टाग्राम पर अवैध हथियारों की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर रहा है। जिसकी इंस्टाग्राम आईडी अंकित राजावत 90663894 है। शिकायतकर्ता नहीं पुलिस अधीक्षक से युवक के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

# कलेक्टर सहित अधिकारियों को लगाए सशस्त्र सेना के बैच

**रायसेन, देशबन्धु।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के तहत कलेक्टर अरविंद दुबे सहित जिला अधिकारियों को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा सशस्त्र सेना के बैच लगाए गए। कलेक्टर दुबे तथा अधिकारियों द्वारा सशस्त्र सेना झण्डा निधि के लिए सहयोग राशि दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित जिला अधिकारी, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के सूबेदार भानुप्रताप सिंह सिसौदिया, हबलदार मुन्नालाल गौर उपस्थित थे। कलेक्टर दुबे ने सभी जिला अधिकारियों, कार्यालय प्रमुखों को सशस्त्र सेना झण्डा निधि में सहयोग राशि जमा कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नागरिकों से भी जिला सशस्त्र सेना झण्डा निधि में अंशदान देकर सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस, प्रति वर्ष हमें ऐसा स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है जब हम भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग देकर सेना की त्याग और सेवा की उत्कृष्ट परम्परा के सहयोगी बनने के लिए गौरव का अनुभव कर सकते हैं। कलेक्टर दुबे ने कहा कि झण्डा दिवस निधि में दान की गई राशि आयकर अधिनियम के अन्तर्गत आयकर से मुक्त है। यह राशि चैक या बैंक ड्राफ्ट के जरिये ''जिला सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि भोपाल'' के नाम से बनवाकर अथवा कलेक्टर कार्यालय रायसेन में स्थापित सीसीबी की बैंक ब्रांच में संधारित खाता क्रमांक 165003040798 में राशि जमा कराई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य भारतीय शस्त्र सेनाओं के जो जवान देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए हैं उनका पुण्य स्मरण करना तथा सैनिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लिए धनराशि एकत्र करना हैं। इस धनराशि का उपयोग शहीद सैनिकों के आश्रित परिजनों, विकलांग सैनिक, भूतपूर्व सैनिक को उपचार, छात्रवृत्ति, स्वरोजगार, सिलाई, कड़ाई एवं अन्य तरह से आर्थिक सहायता के लिए किया जाता है।

# पांटून पुल पर 3 घंटे तक जाम में फंसे सैकड़ों वाहन

- भिच्ची और स्लीपर के नीचे के नट खुलने से पुल में आ गया था गैप

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के महुआ थाना अंतर्गत पांटून पुल के स्लीपर हटने से 3 घंटे तक दोनों प्रदेश की सीमाओं पर लंबा जाम लगा रहा और वाहनों के साथ यात्री फंसे रहे। लगभग 3 बजे जाम खुलने के पश्चात पुनः आगमन आरंभ हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंबल नदी पर मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे पांटून पुल की भिच्ची और स्लीपर के नीचे के नट खुलने से पुल में गैप आ गया और दोनों तरफ वाहनों का आवागमन रुक गया और देखते ही देखते दोपहर 12 बजे से लगभग 3 बजे तक पुल के दोनों और सैकड़ों की संख्या में वाहन फंस गए और उनमें एक दूसरे की सीमा में आने जाने वाले यात्री भी 3 घंटे तक फंसे रहे। स्थानीय प्रशासन द्वारा पुल पर मैकेनिकों को भेजा गया और काफी देर के प्रयास के बाद पुल को मरम्मत कर ट्रेफिक पुनः आरंभ किया गया। इस दौरान जाम में फंसे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि यह पुल पिनाहट क्षेत्र स्थित चंबल नदी पर पड़ता है। बताया जा रहा है कि रात्रि में वक्त पुल से अक्सर भारी लोडिंग वाहन गुजरते हैं, जिस कारण पुल कमजोर हो गया है। इस पर दोनों सीमाओं में पुलिस प्रशासन द्वारा कोई रोक-टोक नहीं की जा रही है, जिस कारण इस प्रकार की स्थिति निर्मित हुई है।

### एसपी ऑफिस के बाहर की रेत को उठाने लगे, मीडिया को देख भागे

**मुरैना, देशबन्धु।**सोमवार की दोपहर ग्वालियर रोड स्थित एसपी ऑफिस के बाहर सर्विस लाइन पर डेल रेत को रेत माफिया ट्रैक्टर ट्रॉली में वर्कर ले जाने लगे और पुलिस वाले तमाशा देखते रहे। इस दौरान मीडिया के कर्मियों द्वारा जब फोटो वीडियो बनाया गया तो रेत माफिया मौके से भाग निकले। उल्लेखनीय बात यह है कि एसपी ऑफिस के नजदीक यह रेत पड़ा हुआ था और वहां पर पुलिस कर्मचारी भी मौजूद थे, उनकी नजरों के सामने ट्रैक्टर ट्राली लाकर रेत माफिया फावड़े एवं तसला से रेत ट्रॉली में भर रहे थे, लेकिन किसी ने भी उन्हें नहीं टोका।

### सार्थक ऐप से उपस्थिती बंद करने को लेकर दिया ज्ञापन

**मुरैना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के जिला अध्यक्ष धीरज सिंह कंसाना ने तमाम सचिवों के साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन देकर सार्थक ऐप से उपस्थिती दर्ज को बंद करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि जिला पंचायत द्वारा पंचायत सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायकों की पंचायत कार्यालय पर सार्थक ऐप के माध्यम से ड्यूटी स्थल पर दोनों समय ऑनलाईन उपस्थिति दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया जा रहा है। सभी पंचायत सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक अपने नियमित सेवायें पंचायत में उपस्थित होकर देते है। अतः सार्थक ऐप द्वारा ऑन लाईन उपस्थिती दर्ज न कराने की कृपा करें।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### खनिज परिवहन की जांच के लिए जिले में 7 नाके बनाए

**हरदा, देशबन्धु।** गौण खनिज के अवैध परिवहन व ओवर लोडिंग की रोकथाम व मॉनिटरिंग के उद्देश्य से कलेक्टर ऋषि गर्ग ने जिले में कुल 7 स्थानों पर खनिज जांच नाके बनाने के निर्देश दिये है। इनमें से टिमरनी तहसील में गंजाल नाका, रहटगांव तहसील में टेमागांव नाका में स्थापित किये गये है। इन दोनों नाकों पर प्रतिदिन निरीक्षण करने के लिये खनिज निरीक्षक श्रीमती मनीषा तावड़े, एक पटवारी, दो कोटवार, थाना टिमरनी का आरक्षक और होमगार्ड सैनिक की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह अबगांवखुर्द, इन्दौर रोड़ हंडिया और खण्डवा बायपास खेड़ीपुरा नाका में स्थापित किये गये है। इन तीनों नाकों पर प्रतिदिन निरीक्षण करने के लिये खनिज निगम के कनिष्ट प्रबन्धक के.पी. पाण्डे, एक पटवारी, दो कोटवार, पुलिस आरक्षक और होमगार्ड सैनिक की ड्यूटी लगाई गई है। मसनगांव व छीपाबड़ थाने के पास बनाये गये खनिज जांच नाके पर प्रतिदिन निरीक्षण करने के लिये खनिज अधिकारी राजेन्द्र कमलेश, एक पटवारी, दो कोटवार, पुलिस आरक्षक और होमगार्ड सैनिक की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर श्री गर्ग ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिये है कि खनिज के अवैध परिवहन में जप्तशुदा वाहन का प्रतिवेदन अन्य दस्तावेजों के साथ अपर कलेक्टर जिला हरदा को भेजेंगे। कोई भी जप्तशुदा वाहन अपर कलेक्टर के लिखित आदेश के बाद ही छोड़ा जा सकेगा। उन्होने होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को भी खनिज जांच नाकों के समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिये है।

### सभी वाहनों में 15 तक हाई सिक्यूरिटी नम्बर प्लेट लगाने के आदेश

**हरदा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित आदेश में प्रदेश में पंजीकृत सभी वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट लगाये जाने की कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गये है। उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित निर्णय के अनुक्रम में राज्य शासन द्वारा 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर 15 दिसम्बर 2023 तक हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट लगाने के आदेश जारी किये गये है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि 15 दिसम्बर के पश्चात बिना हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट वाहनों पर नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने वाहन स्वामियों से अपील की है कि हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट लगाने के लिये ऑनलाइन आवेदन करने के बाद संबंधित शोरूम पर वाहनों पर नम्बर प्लेट लगवायें। ऑनलाइन फीस जमा कराने के पश्चात वाहन स्वामी तिथि का पोर्टल पर ऑनलाइन चयन करेगा ताकि निर्धारित तिथि पर वाहन स्वामी आकर अपने वाहन पर हाई सिक्यूरिटी नम्बर प्लेट लगवा सके। प्रत्येक डीलर वाहन पर प्लेट लगाने के बाद वाहन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन प्लेट से संबंधित विवरण पोर्टल पर अपलोड करेगा तथा उसकी एक प्रति वाहन स्वामी को देगा।

# हेल्पलाईन के प्रकरणों का प्राथमिकता से किया जाए निराकरण: कलेक्टर

**जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश**



**बैतूल, देशबन्धु।** पंचायत उप चुनावों में आचार संहिता के अनुपालन में संबंधित वार्डों में कोई भी नए कार्य प्रारंभ नहीं किए जाये। कलेक्टर एवं मुख्य जिला पंचायत अधिकारी अक्षत जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल में सभी विभाग के अधिकारियों से कहा कि पंचायत चुनावों के अंतर्गत होने वाले जनपद चुनाव में 15 दिसंबर से नामीनेशन प्रारंभ हो जाएगा। इसके साथ ही लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। सभी अधिकारी संबंधित वार्डों में आचार संहिता को ध्यान में रखकर कार्य करें।

कलेक्टर जैन ने कहा कि भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का जनवरी 2024 में मध्य प्रदेश में आगमन संपादित है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य शासन की जनहितकारी नीतियों का लाभ लेने से जो हितग्राही वंचित रह गए है, उन्हें इन योजनाओं से जोड़ा जाना है, जिससे सभी हितग्राहियों को योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ मिल सकें। इस कार्य के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा में 9 विशेष प्रचार रथ जिले में भ्रमण करेंगे। इनमें 4 रथ बैतूल के शहरी क्षेत्रों में और 5 रथ ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करेंगे। एलईडी युक्त इन प्रचार रथों पर शासन की योजनाओं का इस प्रकार से प्रचार किया जाए शेष हितग्राही भी जान सके कि वे किस प्रकार से योजना का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने रथ यात्रा के लिए रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर जैन ने कहा कि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, हितग्राही उपयोगी शासन की सभी योजनाओं पर केन्द्रित विकास कार्यों का इस दौरान स्टॉल लगाकर प्रदर्शन करें। छोटे-छोटे विषय अथवा ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार करें। जैन ने कहा कि भारत सरकार महत्वाकांक्षी उज्जवला योजना जो विशेषकर महिलाओं पर केन्द्रित है। इस योजना से वंचित हितग्राहियों को जोडक़र उन्हें गैस सिलेण्डर कनेक्शन प्रदान कराकर योजना का लाभ प्रदान कराएं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग अपनी स्वस्थ्य शिशु स्वस्थ्य मां, आयुष्मान भारत, आदि योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को चिन्हित कर इन योजनाओं का लाभ प्रदान करें। श्री जैन ने कहा कि आधार कार्ड से जुड़े प्रकरणों का कैम्प लगाकर निराकरण करें।

**उपार्जन की समीक्षा की:** कलेक्टर जैन द्वारा जिले में उर्पाजन प्रक्रिया की समीक्षा की गई। खाद्य अधिकारी द्वारा बताया कि धान एवं मोटे अनाज के उपार्जन के लिए 19 उर्पाजन केन्द्र बनाए गए थे। इनमें से 12 केन्द्र संचालित है। जिनमें धान के लिए 11 एवं एक केन्द्र पर मोटे अनाज का उपार्जन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की उर्पाजन से संबंधित कोई शिकायत हो तो बताएं। उन्होंने समस्त राजस्व अधिकारियों, एसडीएम, तहसीलदारों को अपने उपार्जन संबंधी केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता के साथ आगामी 2 दिवस में चेक कर ले कि इन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी है या नही, से अवगत कराएं।

**ताईक्वांडो प्रतियोगिता:** बैठक में जैन ने आगामी 31 से 5 जनवरी 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। खिलाडिय़ों के रूकने एवं परिवहन आदि की व्यवस्था को समझा। खिलाडिय़ों की मैस उनके खेलने एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों की जानकारी ली। स्कूल के कक्षों को एक माह की समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा, एडीएम जय प्रकाश सैय्याम, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद, एसडीएम एवं जिले के सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# धान खरीदी केंद्र पर पहुंचे नायब तहसीलदार देखीं व्यवस्था



**किसानों को नहीं होनी चाहिए परेशानी: पथोरिया**

**सारनी, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले किसानों को धान खरीदी केंद्र पर किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए शासन के मानसा के अनुरूप किसने की धान की खरीदी की जानी चाहिए यह बात सारणी नायक तहसीलदार संतोष पथोरिया ने सोमवार को औचक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए कहां है।सारनी नायब तहसीलदार पथोरिया ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी(रा.) शाहपुर अभिजीत सिंह शाह के निर्देश पर सारनी धान खरीदी केंद्र पर नियत तथ्यों के आधार पर जांच की गई।साथ ही केंद्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं में बिजली, पेयजल, छाया, शौचालय इत्यादि के बारे में जांच की गई और आवश्यक संसाधनों में वरदान, तुलावटी, हम्माल, तिरपाल, अग्निशमनयंत्र, रेत, बाल्टी,इलेक्ट्रॉनिक तोलकांटे, सिलाई मशीन, नमी मापक यंत्र, सफाई के लिए छन्ना,बड़े पंखा, लेफ़्ताप,स्कैनर,पहुंच मार्ग इत्यादि के बारे में जानकारी ली है। मौके तौलकांटे पर खाली वरदान रखकर एवं भरे हुए पूर्व तुले वरदानों को पुन: तुलवाकर वजन की जांच की गई। मौके पर तुलाई के लिए आवश्यक संसाधनों का भी अवलोकन किया।और मौके पर धान तुलवाने आये किसानों से भी उनकी समस्याओं के बारे जाना।श्री पथोरिया ने मौके पर उपस्थित किसानों से तुलाई में आने वाली समस्याओं के बारे में पूछताछ की गई तो किसानों ने बताया कि खरीदी केंद्र पर जिस स्थान पर तुलाई की जा रही है उसका फर्श लेवल कराकर उसे आरसीसी कराया जाय और जो माल अभी तक केंद्र पर तुल चुका है उसे परिवहन किया जाए। जिससे किसानों को अधिक धन बेची जा सके और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ किसान उठा सके।

# खदान में स्क्रेप चोरी की वारदातें, सुरक्षा प्रहरी जान बचाकर रात्रि में कर रहे नौकरी

**सारनी, देशबन्धु।** कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में स्क्रेप चोरों का आतंक कुछ इस तरह बढ़ गया है की रात्रि पाली में वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की भूमिगत खदान में काम करने वाले सुरक्षा प्रहरी अपनी जान बचाकर नौकरी करने को मजबूर हो गए हैं। बताया जाता है कि छतरपुर टू खदान में पिछले 10 दिनों से स्क्रेप चोरों के माध्यम से धावा बोलकर खदान प्रांगण से लोहा चोरी करके ले जाने का सिलसिला बादलपुर जारी है। स्थिति यह निर्मित हो गई है कि वेकोलि के सुरक्षा प्रहरी यदि स्क्रेप चोरों को चोरी करने से मना करते हैं तो सामूहिक रूप से हथियारबंद स्क्रेप चोर सुरक्षा प्रहरियों पर धावा बोलकर उनके साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। जिसकी वजह से सुरक्षा प्रहरी रात्रि पाली में नौकरी जाने से बचने का प्रयत्न कर रहे हैं। बताया जाता है कि 4 दिन पूर्व छतरपुर टू खदान में हथियारबंद स्क्रेप चोर धावा बोलकर 25 से अधिक लोहे के एंगल बाहर ले जाने का प्रयत्न कर रहे थे की सुरक्षा प्रहरियों ने इस बीच जाकर धावा बोल दिया लेकिन स्क्रेप चोर ज्यादा होने के कारण सुरक्षा प्रहरी अपनी जान बचाकर मौके से आ गए। एक सुरक्षा प्रहरी अपनी जान बचाकर अंधेरे में लगभग आधे घंटे तक छुपा रहा और उसके बाद जब पुलिस का दल आया तब जाकर वह जान बचा पाए छतरपुर टू खदान स्क्रेप चोरों लोहा तो नहीं ले जा पाए लेकिन सब स्टेशन क्रमांक 2 शोभापुर में आकर 60 मीटर से अधिक कॉपर का केबल चोरी करने में वह सफल हो गए। बताया जाता है कि घटना के बाद सुरक्षा प्रहरियों के माध्यम से स्थानी पुलिस प्रशासन को बुलाकर छतरपुर टू माइनस पर जानकारी दी गई। जब तक पुलिस मौके पर आई उससे पहले स्क्रेप चोर खदान से भाग कर शोभापुर कॉलोनी के स्टेशन क्रमांक 2 पर धावा बोलकर कॉपर का केवल ले गए।

# जल आवर्धन योजना की पाइप लाइन गलत बिछाने से सड़क निर्माण में परेशानी

**सड़क के दोनों ओर की बजाय एक तरफ पाइप बिछाया गया**



**सारनी, देशबन्धु।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की बंद हो चुकी पीके वन,पीके टू खदान के बीच सात वार्डो को जोड़ने वाले सड़क का निर्माण एक करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है, लेकिन जल आवर्धन योजना के इंजीनियरों की गलत ड्राइंग की वजह से इस सड़क के निर्माण में कई तरह की परेशानियां उत्पन्न हो रही है। बताया जाता है कि सड़क के दोनों तरफ 8 इंची पाइपलाइन बिछाकर नल कनेक्शन देने का कार्य किया जाना चाहिए था लेकिन जल आवर्धन योजना का काम देखने वाले इंजीनियरों की ना समझी की वजह से सिर्फ एक तरफ पाइपलाइन बिछाकर नल कनेक्शन देने का कार्य किया गया है।

सभी नल कनेक्शन सडक को तोड़कर दूसरे तरफ पहुंचाया गया है जिसकी वजह से कई जगह से सीपेज होने के कारण सड़क पर पानी जमा हो जा रहा है और पानी जमा होने के कारण सड़कों पर नमी आ रही है और जगह जगह गड्ढे हो गए हैं जिसकी वजह से सड़क का निर्माण कार्य रोक दिया गया है। जिसको लेकर सोमवार को जनप्रतिनिधि और सामाजिक सरोकार के लोगों के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नपाध्यक्ष से मुलाकात करके व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की गई है। यदि व्यवस्था अभी दुरुस्त नहीं हो पाई तो यह सड़क 2 वर्ष से ज्यादा नहीं टिक पाएगी। जिसकी वजह से आम लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा हालांकि संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 23 से लेकर साई मंदिर के सामने तक सड़क का निर्माण कार्य किया जा चुका है और उसके आगे सड़क का निर्माण कार्य रोक दिया गया है जब तक जल आवर्धन योजना के माध्यम से नल कनेक्शन दुरुस्त नहीं हो जाते तब तक डामरीकरण निर्माण कार्य बंद रहेगा जिसकी वजह से लोगों को आवा गमन करने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

जल आवर्धन का कार्य देखने वाले इंजीनियरों को बुलाकर चर्चा की जाएगी यदि सड़क के दूसरी ओर मोटा पाइप नहीं गया होगा तो छोटा पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा

**सी के मेश्राम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सारनी**

जलआवर्धन का काम देखने वाले इंजीनियर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बुलाकर इस मामले में चर्चा की जाएगी उसके बाद कोई निर्णय निकालने का कार्य किया जाएगा।

**किशोर बरदे, नगर पालिका अध्यक्ष**

# टीएल बैठक में कलेक्टर ने ली अधिकारियों की क्लास, दिए निर्देश

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम नम: शिवाय अरजरिया सहित नपा सीएमओ, जनपद सीईओ सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकसित भारत यात्रा के रथ जिले के ग्रामों का भ्रमण कर केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहें हैं, इस दौरान ग्रामों में कैम्प भी आयोजित करें और पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करें। कोई पात्र योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें पात्रता के हिसाब से प्राथमिकता से लाभ पहुंचाएं। कलेक्टर ने पीआईयू, पीडब्ल्यूडी, आरईएस आदि विभागों को बिल्डिंग वर्क सहित अन्य कंट्रक्शन काम समयानुसार पूरा करने को कहा। सभी स्कूलों सहित नगरीय निकाय, तहसीलों एवं शासकीय कार्यालयों में बने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को एक्टिव रखने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के संबंध में सभी अधिकारी ऑडिट कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने जल शक्ति अभियान अंतर्गत कामों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

इस संबंध मे डब्ल्यूआरडी, पीएचई एवं जल निगम को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने खाद वितरण के संबंध में निर्देश दिए कि किसानों को सुगमता से खाद उपलब्ध हो और कालाबाजारी करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराएं। कलेक्टर ने डीएमओ रामस्वरूप तिवारी के टीएल में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही उपसंचालक कृषि डॉ बीपी सूत्रकार को कालाबाजारी करने वालों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एडीएम को निर्देश दिए कि जो लापरवाही करें उसका प्रस्ताव कार्यवाही के लिए भेजें। कलेक्टर संदीप जीआर ने एसएलआर को निर्देशित किया कि सभी जल संरचनाओं के खसरा नम्बर का अपडेशन मिशन मोड में करें। खुले बोरवेल बंद कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने गौरिहार में शासकीय बोर का निजी व्यक्ति द्वारा उपयोग करने पर एफआईआर दर्ज कराने के पीएचई विभाग को निर्देश दिए। जनपद सीईओ और सीएमओ को निर्देशित कि बावड़ियों, लेक आदि के कार्य को भी देखें।

# उप निर्वाचन वाले जनपद एवं नपा क्षेत्रों में शस्त्र लायसेंस 9 जनवरी तक प्रतिबंधित

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले की नगर पालिका परिषद के उप चुनाव 2023 के दृष्टिगत चुनाव गतिविधियों को व्यवस्थित, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्विघ्न निर्वाचन के दृष्टिगत उप निर्वाचन क्षेत्र में शस्त्र प्रतिबंधित किए गए है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अक्षत जैन द्वारा जारी आदेश में सारणी के वार्ड क्रमांक 14 एवं बैतूल जिले की जनपद पंचायत चिचोली, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई, प्रभातपट्टन, भैंसदेही, आठनेर, भीमपुर में घोषित उप निर्वाचन क्षेत्र में शस्त्र धारकों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किए गए है।

कलेक्टर जैन द्वारा बैतूल जिले के सभी बैंको, वेस्टर्न कोल फील्डस, पाथाखेड़ा एवं सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी की सुरक्षा हेतु प्रदाय शस्त्र लायसेंस, समस्त केन्द्र राज्य/शासन के विभाग के कर्मचारी, सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी, केन्द्र/राज्य/शासन के अधिकारी/कर्मचारी, बैंक के सशस्त्र सुरक्षा गार्डों के शस्त्र लायसेंस को छोडक़र समस्त शस्त्र लायसेंस को 9 जनवरी 2024 तक के लिए निलंबित किए गए है। इस परिधि में आने वाले सभी शस्त्र लायसेंस धारी अपने शस्त्र तत्काल अपने क्षेत्र के थाने में जमा कराकर उचित रसीद प्राप्त करें। निर्धारित अवधि समाप्त होने पर शस्त्रधारक अपने-अपने शस्त्र बिना किसी आदेश के वापिस प्राप्त कर सकेंगे। प्रस्तावित अवधि में यदि शस्त्र धारक शस्त्र जमा नहीं कराता है तो उसके विरूद्ध आयुध अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**ध्वनि विस्तारक यंत्र रात्रि में रहेगे प्रतिबंधित:** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अक्षत जैन ने एक अन्य आदेश में आचार संहिता प्रस्तावित अवधि में उप चुनाव के दौरान बैतूल जिले के सारणी, आमला, चिचोली, घोड़ाडोंगरी, मुलताई, प्रभातपट्टन, भैंसदेही, आठनेर, भीमपुर में निर्वाचन प्रचार-प्रसार में लाउड स्पीकर के अनियंत्रित उपयोग से होने वाले ध्वनि प्रदूषण एवं जन परेशानी को ध्यान में रखते हुए रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक प्रतिबंध लगाया गया है। आचार संहिता अवधि में ट्रक, जीप, टेम्पों, आटो रिक्शा, तांगा आदि वाहनों से चुनाव प्रचार की अनुमति आवेदन करने पर ही दी जा सकेगी। बिना अनुमति के लाउड स्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा प्रसारण एवं प्रचार-प्रसार करते पाए जाने पर स्पीकर आदि उपकरण जप्त कर लिए जायेंगे।

*नीमगांव में आज होगा अगहन महोत्सव व जाम्भाणी हरिकथा के पांच दिवसीय आयोजन का समापन*

# हम एक कुप्रथा को बंद कर दूसरी शुरू नहीं कर सकते: गोवर्धनराम





**हरदा, देशबन्धु।** समाज में मृत्युभोज की कुप्रथा तो बंद कर दी गई, लेकिन इसके स्थान पर अन्य किसी प्रकार का भोज करना गलत है। हम एक कुप्रथा बंद कर दूसरी शुरू नहीं कर सकते। समाज के किसी परिवार में अगर मृत्यु हो जाए तो उसके घर भोजन भी नहीं करना चाहिए। हमें उस परिवार में जाकर केवल मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करना चाहिए। विश्नोई समाज ने सुधार के लिए कई कठोर निर्णय लिए हैं। अब जरूरत है तो बस हमें इन नियमों का पालन करते रहने की। उक्त बातें नीमगांव स्थित श्रीगुरु जम्भेश्वर मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय जाम्भाणी हरिकथा के चौथे दिन राजस्थान से आए आचार्य संत डा गोवर्धनराम शिक्षा शास्त्री ने सोमवार को कही। उन्होंने जाम्भाणी हरिकथा के दौरान मृत्युभोज पर उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विश्नोई समाज ने समाज सुधार की दिशा में कई अहम निर्णय लिए हैं और उनका पालन भी किया जा रहा है। इसी तरह मृत्युभोज की कुप्रथा भी बंद करना सराहनीय है। हम अपने स्वजन को जीवन के अंतिम समय की ओर है तो उनके जीते जी भी हवन यज्ञ या कथा करा सकते हैं। उनके हाथों से दान पुण्य करा सकते हैं ताकि उन्हें पुण्य मिल सके। मृत्युभोज में भोजन करना मांस खाने के बराबर है।

मंदिर में मंगलवार को पांच दिवसीय अगहन महोत्सव और जाम्भाणी हरिकथा का समापन किया जाएगा। मप्र विश्नोई युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुहागमल पंवार ने बताया कि सुसज्जित रथ में श्रीगुरु जम्भेश्वर भगवान की प्रतिमा रखकर मंदिर से शोभायात्रा गांव में निकाली गई। घरों के सामने ग्रामीणों ने प्रतिमा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके अलावा ग्रामीणों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों को प्रसाद का वितरण भी किया। शोभायात्रा के दौरान समाज के युवाओं ने भजनों पर नृत्य किया। मप्र मध्यक्षेत्र विश्नोई सभा के सचिव पूनमचंद पंवार ने बताया कि नीमगांव में आठ दिसंबर से अगहन महोत्सव और जाम्भाणी हरिकथा का शुभारंभ किया गया था। कार्यक्रम व कथा का समापन मंगलवार को पांचवें दिन किया जाएगा। इस दौरान सुबह हवन यज्ञ होगा। इसके बाद मंच से भाषण कार्यक्रम होगा, जिसमें समाज के संत समाज सुधार के लिए अपनी बात रखेंगे। कार्यक्रम में समाज के मेधावी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। वहीं मंदिर में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को मिले : जिला पंचायत सीईओ

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये प्रदेश के साथ ही नर्मदापुरम में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह यात्रा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में से गुजरेगी और केन्द्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करवायेगी। जिले के समस्त विभागों की यात्रा में अहम भूमिका रहेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में आज कलेक्टोरेट कार्यालय में सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये और वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी एसडीएम , जनपद सीईओ और सीएमओ से चर्चा कर यात्रा की तैयारियों की जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहें। उन्होंने सभी अधिकारियों को दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रम का व्यवस्थित संचालन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन-कल्याण की प्रमुख योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाने के लिये भारत सरकार द्वारा 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करें। उन्होंने कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओ के लाभ से कोई भी पात्र वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को मिले। ग्राम स्वराज अभियान, विस्तारित ग्राम स्वराज अभियान, प्रमुख योजनाओं का शत प्रतिशत कवरेज सुनिश्चति करने संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिये 7 प्रचार वाहन जिले में आयेंगे, जिसमें बड़े वाहन नगरीय क्षेत्र के लिये तथा छोटे वाहन ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर भारत सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वीडियो संदेश के प्रसारण के साथ-साथ सरकार की योजनाओं की सफलता की कहानी भी वीडियो फिल्म के माध्यम से प्रसारित की जाएगी। इस यात्रा के माध्यम से शासन की प्रमुख योजनाओं के बारे में नागरिकों को बताया जाएगा। साथ ही योजनाओं संबंधी आवेदन प्राप्त कर लाभार्थियों का नामांकन एवं चयन होगा।



### कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगेंगे, हितग्राहियों के आवेदन भी जमा होंगे

जिला पंचायत के सीईओ ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाये जाएंगे। इनमें सामान्य स्वास्थ्य जाँच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यात्रा के दौरान आयोजित शिविर स्थलों पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों के आवेदन भी प्राप्त किये जाएंगे साथ ही ऐसे किसान, पशु पालक, मछुआरे, जिनके पास क्रेडिट कार्ड नहीं हैं, उनके आवेदन लेने और संबंधित बैंकों से समन्वय कर क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की कार्यवाही भी की जाएगी। कैम्प में आधार कार्ड के अपडेशन का कार्य और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किया जाएगा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रमुख उददेश्य

सीईओ ने बताया कि यात्रा का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्र प्रचार की गतिविधियों आम नागरिकों में योजनाओ के प्रति जागरूकता लाना है। सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की पहुंच बनाना जो किन्हीं कारणों से इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गये हैं। केन्द्र की योजनाओं के संबंध में जानकारी का प्रसार करना एवं नागरिकों और लाभार्थीयों से योजनाओं के संबंध उनके अनुभव जानना हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधिया जिले के जिन्ह जहाँ जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायतों स्तर पर भी जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की जायेगी जिसमें जागरूकता, सामुदायिक, सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल हैं। इसके अलावा सूचना-शिक्षा-संचार वेन, आईटी प्लेटफार्म, और मोबाइल एप्लीकेशन भी उपयोग में लाये जायेंगे। जिला, ग्राम पांचायत और स्थानीय शासन की समिति और केन्द्र सरकार के संगठन और संस्थाओं से प्लानिंग, समन्वय और निगरानी की जायेगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा का उद्देश्य

ग्रामीण इलाकों के लिये प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना,दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान,किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामत्वि, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टलाइजर शामिल हैं। साथ ही जनजातीय परिवारों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में सिकल सेल एनीमिया निवारण मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विदयालयों में प्रवेश, स्कॉलरशिप, वन अधिकार, वन-धन विकास केन्द्र शामिल हैं।

### शहरी क्षेत्रों में यात्रा का उद्देश्य

शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान शहरी योजनाओं में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री बिनआवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजना शामिल हैं। इन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को चिंहित कर लाभान्वित किया जायेगा।

### जिले में सुचारू रूप से की जाए धान खरीदी

बैठक में को जिला पंचायत सीईओ ने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया है कि सभी केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें। खरीदी के दौरान केंद्र पर समिति और मार्कफेड के सर्वेयर मौजूद रहें। खरीदी में किसानों को कोई परेशानी ना हो इसका विषय ध्यान रखें। सुचारू रूप से धान खरीदी की जाए। बताया गया कि जिले में अभी तक 563 किसानों से 4990 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई हैं। जिले में अभी तक 7600 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराया गया है।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण करें

सीईओ जिला पंचायत ने बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। निराकरण में अनावश्यक लेट लतीफी ना हो उसका विशेष ध्यान रखें। 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का भी निराकरण कराएं।

## सार समाचार

### कन्या महाविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत हुआ बहुभाषी सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनीमालवा, में प्राचार्य डॉ उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत बहुभाषी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्सव की थीम-बहुभाषी संस्कृति थी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमेश कुमार धुर्वे द्वारा प्रसिद्ध तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्यम भारती के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला, तथा छात्राओं द्वारा अधिक से अधिक भाग लेने पर हर्ष व्यक्त किया। छात्राओं ने बहुभाषी नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक तथा हिन्दी विषय के प्राध्यापक डॉ बाऊ पटेल ने छात्राओं को भाषायी दिवस के उद्देश्य के बारे में अवगत करवाया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ धर्मेंद्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रजनीश जाटव, काजल रतन, आकांक्षा पांडे, वर्षा भिंगारकर, डॉ रीमा नागवंशी,डॉ संगीता मिश्रा,डॉ केआर कोशे, डॉ मनीष दीक्षित एवं समस्त प्राध्यापक, छात्राएं एवं महाविद्यालय का स्टाफ एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रही।

सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली

## धान से भरी ओवर लोड ट्राली पलटी



**बनखेडी, देशबन्धु।** पुलिस और आरटीओ की उदासीनता के चलते बनखेडी शहर में बगैर नंबर के ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली सड़कों पर बेलगाम होकर मौत बनकर दौड़ रही है। ओवरलोड वाहन से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद आरटीओ और पुलिस इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बता दें कि यातायात व्यवस्था को लेकर आरटीओ बनखेड़ी शहर की ओर तनक भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिस कारण आए दिन अवैध रेत से भरे तेज रफ्तार ट्रैक्टर और गला व्यापारियों के ओवरलोड ट्रैक्टरों की ट्रालियों में लादे बोरो की कटियां टू व्हीलर वाहन चालकों के ऊपर गिरने से सड़क हादसे हो रहे हैं। इसके साथ ही ओवरलोड ट्रैक्टर तेज रफ्तार होने के कारण घनी आबादी और टर्निंग वाली सड़कों सहित घनी आबादी के इलाकों में कंट्रोल न होने के कारण उक्त ट्रैक्टर ट्रालियों में लादी सामग्री के साथ विच सड़क हो या यह सड़क के किनारे लगे बिजली की पलों के ऊपर पलट रहे हैं, जिससे गंभीर सड़क हादसे की संभावना अक्सर बनी रहती है।

### पलिया पिपरिया के पास धान से भरी ओवर लोड ट्राली पलटी

ऐसा ही एक घटनाक्रम सोमवार को पलिया पिपरिया में हाईवे रोड पर ओवरलोड ट्रैक्टर पलटने की घटना सामने आई है। बता दें पलिया पिपरिया ग्राम से बनखेड़ी की ओर आ रहे धान से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली टर्निंग पॉइंट पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि जनहानि और ट्रैक्टर में सवार लोगों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। फिर भी वक्त ट्रैक्टर के पलटने से बड़ा हादसा करने से बाल बाल ब%चा है क्योंकि जहां पर ट्रैक्टर पलटा है वहां पर 11 केवी के बिजली पोल से चिपक कर ट्राली और धान की बोरियां टकराई है। ट्राली का एक हिस्सा बिजली के पोल से टकराया तो वहीं ट्रैक्टर का पूरा सिरा हाईवे रोड पर बीचों-बीच अथफर हवा में लटक गया।

## सूने घर के ताले तोडकर 10 लाख की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**छतरपुर, देशबन्धु।** रविवार सोमवार की दरम्यानी रात सिविल लाइन थाने के अंतर्गत पन्ना रोड पर बनी पैराडाइज कालोनी के एक सूने घर के ताले तोडकर चोर 10 लाख रूपये का सामान चुराकर भाग गये हैं। सुबह चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर जाकर तहकीकात शुरू कर दी है।

पैराडाइज कालोनी शहर की पांश कालोनियों में से एक है। ये कालोनी चारों ओर से बाउंड्री और उस पर लगे कंटीले तारों से घिरी है। इसके बावजूद चोरों ने सर्दी की सन्नाटे वाली रात का फायदा उठाया और दबे पांव बाउंड्रीवाल के कंटीले तार काटकर कॉलोनी के अंदर दाखिल हो गये। संभवत: इस कालोनी में सेवानिवृत्त प्रोफेसर नरेन्द्र जैन के मकान की चोरों ने रैकी करके पहले से चिन्हित कर लिया था, जो सूना पडा था। दरअसल प्रोफेसर का बेटा और बहू दो माह पहले ही इस मकान में रहने के लिये आए थे। वे 6 दिसंबर को मकान मे ताले लगाकर एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिये बाहर गये थे। सोमवार को सुबह करीब 5 बजे के बाद जब वे लोग छतरपुर लौटे तो कालोनी में अपने घर के ताले टूटे देखकर उनके होश उड गये। परिवार के लोगों ने जब शोर मचाया तो कालोनी में रहने वाले तुरंत उनके यहां जा पहुंचे। इधर चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर जा पहुँची।

बताया गया है कि इस घर के पार्क के दूसरी ओर एक घर में लगे सीसीटीवी के फुटेज जब चैक किये गये तो पता चला कि परिवार के वापस लौटने से कुछ घंटे पहले सोमवार की सुबह करीब 4 बजे चोर घर में दाखिल हुये थे। वे 17 मिनट तक घर के अंदर रहे और कम समय में पूरा सामान समेटकर 4 बजकर 20 मिनट पर आराम से बाहर निकले और जहां से आये थे उसी मार्ग से निकलकर भाग गये। जब घर के अंदर देखा गया तो पता चला कि चोर नगदी और जेवर सहित करीब 10 लाख रूपये का सामान यहां से चुराकर ले गये थे। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक पडताल में पता चला कि चोर कालोनी की रेलवे लाइन की ओर वाली दीवार पर चढकर वहां सुरक्षा के लिहाज से लगाये गये कंटीले तारों को काटकर कालोनी में दाखिल हुये। वारदात को अंजाम देकर उसी रास्ते से बाहर निकलकर भागे थे। हालांकि पुलिस को अभी तक चोरों का सुराग नहीं मिला है। मगर पुलिस शीघ्र मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है। वहीं पाश कालोनी में इस घटना के बाद से वहां रहने वालों में दहशत फैली है। यहां बता दें कि इस कालोनी में चोरी की ये पहली वारदात नहीं बल्कि इसके पूर्व भी 11 महीनों में कालोनी में दो बार बडी चोरियां हो चुकी हैं। पहली चोरी 12 फरवरी 2023 को मकान नंबर 25 में हुई थी और दूसरी चोरी जून 2023 में मकान नंबर 92 में हुई थी। 11 महीने में तीसरी बडी चोरी की घटना ने यहां रहने वालों की नीद उडाकर रख दी है।

## राम भक्तों ने अयोध्या से आये कलश की भव्य आगवानी

- छोटी शाला मंदिर में विराजमान किया कलश

**घुवारा, देशबन्धु।** नया वर्ष 2024 का जनवरी माह पूरे भारत बासियों के लिए बड़ा सौभाग्य का माह होने जा रहा है जहां अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण होकर 22 जनवरी को रामलला को विराजमान होना है उसी क्रम में मंदिर के उदघाटन की तैयारी को लेकर रामभक्तो द्वारा पूरे देश में तहसील स्तर से लेकर गांवो में तक तैयारी कीजाने लगी वहीं राम भक्तों व राष्ट्रीय स्वयं सेवकों द्वारा हर खंड स्तर पर कलस भेजकर तैयारी करना शुरु कर दीहै उसी क्रम में सोमवार की दोपहर घुवारा तहसील के लिए अयोध्या से आये कलस का नगर के रामभक्तो व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगो द्वारा भव्य आगवानी की गई आगवानी नगर के बरेठा बाबा तिग्डडा से की गई जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक बिनोद दुवे, रामकिशोर, बहादुर सिंह अरविंद निगम, अरविंद बुंदेला सुधांशु बाजपेई, अंकित राय सहित रामधुन मंडल व सैकडो की संख्या में लोग शामिल हुए कलश को भक्तों द्वारा बारी बारी सिर पर रखते हुए जयश्रीराम के जय जयकार बोलते हुए नगर की छोटी शाला मंदिर ले गये जहां कलश को विराजमान कर दिया गया वहीं जानकरी देते हुए बताया है कि घुवारा तहसील के 63 गांवो में जाकर वहां से आये पीले चावल रुपी आमांत्रित पत्र को दिया जायेगा साथ जो 22 जनवरी को अयोध्या नहीं जा पायेगे वो अपने गांव के मंदिर में ही दीपक जलाकर भगबान के विराजमान में शामिल हो सकेंगे।

## मेला के दुकानदारों को बीस प्रतिशत अधिक महंगी मिलेगी दुकाने

**नौगांव -छतरपुर, देशबन्धु।** नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी , उपाध्यक्ष दौलत तिवारी, सीएमओ नीतू सिंह , पार्षद श्री राम यादव , सीमा अरविन्द्र यादव , रूचि अनुराग घोष , मीरा शीलू राजा , भारती साहू, श्याम सुन्दर अरजरिया, ताहिर मंसूरी , विष्णु स्वरूप नायक , आशा बृजेन्द्र साहू , लता ओमकार यादव ,अभिलाषा शिवहरे , सुनील महाजन , युसूफ राईन , रामरती अहिरवार , रजनी देवी, मीना मुरारी जाटव, राजू बिछोले , ज्योति अमित तिवारी सहित सभी महिला पुरूष मौजूद थे। चूंकि यह बैठक आगामी 68 वां मेला महोत्सव को लेकर बुलायी गयी थी इसमें नगर पालिका की आर्थिक स्थिति को देखते हुये मेला के सफल संचालन के साथ उसकी आय बढ़ाने पर विचार किया गया ।

तय हुआ कि पहले की तरह क्रिकेट को 12 लाख रूपये , कबड्डी को चार लाख रूपये दिये गये । इस बैठक में जो प्रस्ताव पास हुआ उसमें अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को हटाया किया गया इसकी जगह स्थानीय कवि सम्मेलन को बुलाया गया। इसका कारण बताया गया। इस कवि सम्मेलन में नगर पालिका को अधिक आर्थिक क्षति होती थी सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहलीबार इस तरह की कटौती की गयी जब अखिल भारतीय स्तर का कवि सम्मेलन नगर में नही होगा। इसके पहले जब से मेला का संचालन हो रहा है सांस्कृतिक कार्यक्रम में कवि सम्मेलन एक ऐसा कार्यक्रम था जिसकी शुरू से फरमाईश रहती थी ओर अच्छे कवियों को बुलाने की मांग पिछले कई सालों से यह भी देखा जा रहा था अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में दावा किया जाता था कि बड़े नामी गिरामी कवि आयेंगे और आसपास के क्षेत्रीय कवियों को बुलाकर किसी एक अच्छे कवि को बुलाने की प्रथा चल गयी थी और इसमें मनमाना खर्च भी डाला जाता था।

## नालियों में कचरा और गंदगी से नागरिक परेशान

**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों नगर प्रशासन के कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई के प्रति लापरवाही बरती जा रही है। जहां-तहां गंदगी की भरमार है। शहर में कुल 40 वार्ड हैं। अधिकांश वार्डों में सही तरीके से सफाई नहीं की जा रही है। केवल सड़कों और मुख्य स्थानों की सफाई जरूर सही ढंग से की जाती है। वार्डों में नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण वार्डों की नालियां कचरें और गंदगी से पटी पड़ी हैं। जिससे यहां हल्की सी बारिश में ही नाली का पानी सड़कों पर आ जाता है। ऐसे में लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वार्डवासियों ने बताया कि कई जगह तो नालियों की महीनों से सफाई नहीं होती। लोगों ने बताया कि सफाई न होने के कारण नालियां कई जगह से चोक हो गई हैं और बाकी में कचरा और गंदगी भरी हुई है। जिससे यहां पर हमेशा दुर्गंध आती रहती है।

## पर्यावरणीय संघर्षों की ऐतिहासिक यात्रा के आधार पर विधालय ने मनाया वार्षिकोत्सव

### नन्हे मुन्ने बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**घुवारा, देशबन्धु।** नगर घुवारा के अशासकीय विद्यालय फूलचंद्र जैन मोन्यूमेंट स्कूल के द्वारा वार्षिकोत्सव नगर के हाईसैकन्डी स्कूल मैदान में कार्य क्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बड़ामलहरा विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायका सुश्री रामसिया भारती वशिष्ठ अतिथि के रुप में नगर परिषद अध्यक्षा गुड्डी जाहर सिंह, तहसीलदार ऋतु सिंघई शामिल हुए तो वहीं विधायका रामसिया भारती उपस्थित न होने पर अपने स्थान पर ब्लाक अध्यक्ष शैलेश जैन भेजा कार्यक्रम में सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर तिलक माला पहनाकर कार्यक्रम की शुरूआत की ।कार्य क्रम को बढ़ाते हुए बच्चों ने पर्यावरण के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित कर बच्चों को पर्यावरण के महत्व को समझने व समझाने का प्रयास किया साथ ही विश्नोई मूवमेंट, चिपको मूवमेंट, अपीको मूवमेंट, नर्मदा बचाओ आंदोलन, टेहरी डैम मूवमेंट, साइलेंट वैली मूवमेंट जैसी पर्यावरण के प्रति लड़ी गई लड़ाइयों को प्रस्तुत किया गया।

साथ ही एक से एक एक बढकर रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की तो वहीं दर्शको ने तालियां बजा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम के अंत में विधालय के संस्थापक अरुण जैन सहित समस्त स्टाफ व अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों को उपहार भेंट किये।

## कांबिंग गस्त में पुलिस ने चेकिंग और दविश देकर पकड़े कई आरोपी

**छतरपुर, देशबन्धु।** फरार अपराधियों को दविश देकर पकड़ने और जगह जगह चेकिंग लगाकर आरोपियों को दबोचने के लिए पुलिस इन दिनों कॉम्बिंग गश्त कर रही है। जिसमें कई कामयाबी भी मिली हैं।

पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशन में जिले के सभी थानों की पुलिस द्वारा की जा रही कॉम्बिंग गश्त में पुलिस के 2 राजपत्रित अधिकारियों के साथ 236 पुलिस बल ने की कामयाबी पाई हैं। पुलिस ने 22 बदमाशों को पकड़ा है जिनके नाम गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। इनके अलावा 5 स्थाई वारंटी और ई अन्य आरोपी को पकड़ा गया है। इसी तरह गुंडा चेकिंग में 102 लोगों को चेक कर कार्यवाही की गई। जिला बदर वाले 41 बदमाशों को चेक किया गया। 109 निगरानी बदमाश चेक किए और 25 ऐसे बदमाशों को चेक किया जो जेल रिहाई पर है।आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 7 प्रकरण दर्ज करके 7 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। बताया गया कि 186 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

## बैठक में कलेक्टर ने ली अधिकारियों की क्लास, दिए निर्देश



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम नम: शिवाय अरजरिया सहित नपा सीएमओ, जनपद सीईओ सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकसित भारत यात्रा के रथ जिले के ग्रामों का भ्रमण कर केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहें हैं, इस दौरान ग्रामों में कैम्प भी आयोजित करें और पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करें। कोई पात्र योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें पात्रता के हिसाब से प्राथमिकता से लाभ पहुंचाएं। कलेक्टर ने पीआईयू, पीडब्ल्यूडी, आरईएस आदि विभागों को बिल्डिंग वर्क सहित अन्य कंट्रक्शन काम समयानुसार पूरा करने को कहा। सभी स्कूलों सहित नगरीय निकाय, तहसीलों एवं शासकीय कार्यालयों में बने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को एक्टिव रखने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के संबंध में सभी अधिकारी ऑडिट कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने जल शक्ति अभियान अंतर्गत कामों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस संबंध मे डब्ल्यूआरडी, पीएचई एवं जल निगम को निर्देशित किया गया।

### डीएमओ पर कार्यवाही के निर्देश

कलेक्टर ने खाद वितरण के संबंध में निर्देश दिए कि किसानों को सुगमता से खाद उपलब्ध हो और कालाबाजारी करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराएं। कलेक्टर ने डीएमओ रामस्वरूप तिवारी के टीएल में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही उपसंचालक कृषि डॉ बीपी सूत्रकार को कालाबाजारी करने वालों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एडीएम को निर्देश दिए कि जो लापरवाही करें उसका प्रस्ताव कार्यवाही के लिए भेजें।

### जल संरचनाओं का खसरा नम्बर में अपडेट करें

कलेक्टर संदीप जीआर ने एसएलआर को निर्देशित किया कि सभी जल संरचनाओं के खसरा नम्बर का अपडेशन मिशन मोड में करें। खुले बोरवेल बंद कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने गौरिहार में शासकीय बोर का निजी व्यक्ति द्वारा उपयोग करने पर एफआईआर दर्ज कराने के पीएचई विभाग को निर्देश दिए। जनपद सीईओ और सीएमओ को निर्देशित कि बावड़ियों, लेक आदि के कार्य को भी देखें।

### मैरिज गार्डनों से वसूलें टैक्स वसूलने

कलेक्टर ने सीएमओ छतरपुर को निर्देशित किया कि पन्ना रोड स्थित पुलियों के निर्माण में पाइप लाइन की शिफ्टिंग जल्द कराएं। देरी करने पर ठेकेदारों पर कार्यवाही करें। उन्होंने शहर के मॉल का पार्किंग एरिया को चेक करने के निर्देश देते हुए कहा बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के लिए किया जाए। सभी सीएमओं को मैरिज गार्डनों से टैक्स वसूलने और दुकानदारों के ट्रेड लायसेंस जारी करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता की मुहीम में आमजन को जोड़ें, रास्तें में जो सामग्री पड़ी हो उसे जब्त करें।

## नवनिर्वाचित विधायकों का फोटो सत्र




*भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में सोमवार को विधायक दल की बैठक से पहले फोटो सत्र हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर खट्टर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण, पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा, निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह, वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव, संगठन महामंत्री हितानंद सहित सभी विधायक मौजूद थे।*



*भोपाल में सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में भाग लेने पहुंचे केन्द्रीय पर्यवेक्षकों हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा का विमानतल पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा व अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया।*



*भोपाल पहुंचने के बाद भाजपा के केन्द्रीय पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का मुख्यमंत्री निवास में स्वागत करते शिवराज सिंह चौहान।*

### प्रधानमंत्री ने विकसित भारत वॉयस ऑफ यूथ कार्यक्रम का किया वर्चुअली शुभारंभ, कहा-

# कर्तव्यों का निष्ठा और ईमानदारी से पालन करें





### राजधानी में आयोजित कन्वेंशनल सेंटर में शामिल हुए राज्यपाल

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंडिया आई से शुरू होता है। आई का मतलब मैं, अर्थात भारत को विकसित बनाने के लिए मैं क्या कर सकता हूँ। इस भाव के साथ कार्य करना होगा कि राष्ट्र के लिए कर्तव्यों का निष्ठा और ईमानदारी से पालन करें। यह बात आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत ञ्च 2047 वॉयस ऑफ यूथ कार्यक्रम का वर्चुअली शुभारम्भ करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए यही समय, सही समय है। हर व्यक्ति और संस्थान जो भी कार्य करता है, वह राष्ट्र के कार्य हैं। इस भाव-भावना के साथ करें। प्रधानमंत्री ने सभी शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और देश के प्रत्येक नागरिक से आगे आकर अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने और स्वयं के उदाहरण से रोलमॉडल बनकर समाज को प्रेरित करने का अनुरोध किया।

राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संयोजन नीति आयोग द्वारा किया गया था। स्थानीय कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा के. सी. गुप्ता, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा, विभिन्न विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर, राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के संचालक, संकाय सदस्य और विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम से प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने वर्चुअली सहभागिता की।

शुभारम्भ कार्यक्रम के बाद स्थानीय कार्यक्रम में इनोवेशन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थ्राइविंग एंड सस्टेनेबल इकोनॉमी और युवाओं की उपयोगिता ङ्क विकसित भारत ञ्च 2047 विषयों पर छात्रों की सहभागिता के साथ विशेषज्ञों की समूह चर्चा आयोजित की गई।

### प्रथम सत्र : युवाओं के नेतृत्व को बनाया आधार

प्रथम सत्र में इनोवेशन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी के पेनल डिस्कशन में सुनील कुमार, प्रोफ़ेसर अजय सिंह, प्रोफ़ेसर दीक्षित, वर्द्धमान सोनी और प्राची अग्रवाल ने चर्चा के दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी को विकास की शक्ति और युवाओं के नेतृत्व को उसका आधार बताया है। उन्होंने पाठ्यक्रमों में व्यवहारिक विषयों को सम्मिलित करने, तकनीकी संस्थाओं के विद्याथियों के कार्य अनुभव के लिए उद्योगों को वर्कशॉप के रूप में जोड़ने, उद्योगों की आवश्यकताओं और समस्याओं के समाधान का मंच शैक्षणिक संस्थाओं में उपलब्ध कराने के सुझाव दिए।

### कौशल विकास के प्रयासों को गतिमान करने पर दिया बल

द्वितीय सत्र में थ्राइविंग एंड सस्टेनेबल इकोनॉमी विषय के परिचर्चा में अमरजीत खालसा, अनिरुद्ध चौहान, पुलकित शर्मा, प्रदीप करमवेलकर ने चर्चा के दौरान अधोसंरचना विकास की दिशा, रेलवे की कार्य क्षमताओं में वृद्धि, मैन्यूफ़ैक्चरिंग इंडस्ट्री में प्रौद्योगिकी के लगातार बदलाव, एडिटिव मैन्यूफ़ैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर की अहमियत और उद्योग आधारित कौशल विकास के प्रयासों को गतिमान करने पर बल दिया। कहा गया कि असली विकास सतत विकास है। वर्तमान काल स्वरोजगार और उद्यमों के लिए स्वर्णकाल है।

### सच्चा विकास सामुदायिक सहभागिता में

विकसित भारत 2047 विषय के परिचर्चा में आशुतोष सिंह, सिद्धार्थ अग्रवाल, वीरेंद्र व्यास ने चर्चा में युवाओं में कर्तव्यबोध, अपनी ज्ञान परंपरा और धरोहर पर गर्व के भाव होने की आवश्यकता बताई, विकसित भारत केवल संपन्नता नहीं, अपितु उन्नत मस्तिकों और सकारात्मकता के लिए भी जाना चाहिए , देश का सच्चा विकास सामुदायिक सहभागिता में ही है।

### अब तक 175 नवनिर्वाचित सदस्यों ने दर्ज कराई आमद

# विजयवर्गीय और बाला बच्चन सहित 2 दर्जन से ज्यादा विधायक पहुंचे विधानसभा

**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ भाजपा नेता और नव निर्वाचित विधायक कैलाश विजयवर्गीय तथा पूर्व मंत्री बाला बच्चन सहित आज तकरीबन 2 दर्जन से ज्यादा विधायक विधानसभा पहुंचे और जरूरी औपचारिकताएं पूरी कीं।

सोलहवीं विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों का विधानसभा भवन पहुंचने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में आज भाजपा और कांग्रेस के करीब 25 विधायक विधानसभा गए। इन विधायकों ने विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह से चर्चा की। प्रमुख सचिव ने नव निर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया। उसके बाद सदस्यों ने स्वागत कक्ष पहुंचकर निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नवीन विधानसभा गठन संबंधी समस्त आवश्यकताएं पूरी की। रविवार को अवकाश के दिन में भी 7 सदस्य विधानसभा गए थे। अब तक कुल 175 सदस्य विधानसभा पहुंचे।



आज सोमवार को यहां आने वाले सदस्यों में महेंद्र यादव, माधव सिंह, हरदीप सिंह डंग, चिंतामणि मालवीय, प्रणय पांडे, मुकेश टंडन, आशीष गोविंद शर्मा, तेज बहादुर सिंह, नरेंद्र सिंह कुशवाह, बाला बच्चन, श्रीमती निर्मला भूरिया, महादेव वर्मा (मधु वर्मा), अमर सिंह यादव, श्रीमती मालिनी गौड़, बालकृष्ण पाटीदार, मोंटू सोलंकी, श्रीमती सेना महेश पटेल, हरिबाबू राय, राजेश सोनकर एवं गोलू शुक्ला शामिल हैं। जबकि रविवार को आने वाले अन्य सदस्यों में जय सिंह मरावी, दिलीप जायसवाल, राधा रविन्द्र सिंह, मनोज पटेल, अशोक ईश्वर दास रोहाणी, धीरेंद्र बहादुर सिंह एवं श्रीमती गायत्री राजे पवांर विधानसभा पहुंचे थे। इन विधायकों ने विधानसभा पहुंचकर अपने निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कीं।

### लोकसभा से अपने निष्कासन को दी

# महुआ ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में लोकसभा की सदस्यता खत्म किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्हें बीते 8 दिसम्बर को आचार समिति की सिफारिश पर लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उन पर आरोप है कि संसद में सवाल पूछने के बदले उन्होंने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से उपहार और पैसे लिए।

हालांकि मोइत्रा ने इन आरोपों को खारिज किया है। निष्कासन के बाद उन्होंने कहा था कि उनके खिलाफ बिना सबूत के कार्रवाई की गई। उन्होंने आचार समिति को विपक्ष को तोड़ने वाला हथियार बताया था और आरोप लगाया था कि आचार समिति ने पूर्वाग्रह से निर्णय लिए और हर नियम तोड़ दिया। वे 2019 के चुनाव में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा सीट से चुनी गई थी। मालूम हो कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा के खिलाफ हीरानंदानी से पैसे और उपहार के बदले लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। उन्होंने वकील देहद्रायी के पत्र का हवाला दिया था,जिसमें मोइत्रा और हीरानंदानी के बीच कथित लेनदेन के पक्के सबूत होने की बात की गई थी। दुबे की शिकायत पर लोकसभा की आचार समिति ने मोइत्रा से पूछताछ की थी। हीरानंदानी ने भी आचार समिति को पत्र लिखा था। जिसमें दावा किया गया था कि महुआ ने अपनी संसदीय लॉगिन आईडी और पासवर्ड उनके साथ साझा किया था। ताकि वह मोइत्रा की ओर से सवाल पोस्ट कर सकें। महुआ मोइत्रा ने इसे स्वीकार भी किया था।

# अनुच्छेद 370 के फैसले पर कांग्रेस ने जताई असहमति

### लद्दाख के लोगों की आकांक्षाएं भी पूरी होनी चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के मोदी सरकार के फैसले को उच्चतम न्यायालय ने जिस तरह से सही ठहराया है पार्टी सम्मानपूर्वक उससे असहमति व्यक्त करती है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदम्बरम तथा अभिषेक मनु सिंघवी ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर आए उच्चतम न्यायालय के फैसले पर असहमति जताई और कहा कि पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति का संकल्प है कि अनुच्छेद 370 तब तक सम्मान के योग्य है जब तक कि इसे भारत के संविधान के अनुसार संशोधित नहीं किया जाता। श्री चिदम्बरम ने कहा, हम इस फैसले की इस बात से भी निराश हैं कि शीर्ष न्यायालय ने राज्य को विभाजित कर दो केंद्र शासित प्रदेश बनाने के प्रश्न पर निर्णय नहीं लिया। कांग्रेस ने हमेशा जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के केंद्र के फैसले का विरोध कर जम्मू कश्मीर में पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की है। हम इस संबंध में आए शीर्ष अदालत के फैसले का स्वागत करते हैं कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा तुरंत बहाल किया जाना चाहिए और लद्दाख के लोगों की आकांक्षाएं भी पूरी होनी चाहिए।'

### चुनाव कराने के फैसले का किया स्वागत

उन्होंने विधानसभा चुनाव कराने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश का स्वागत किया और कहा कि राज्य में तत्काल विधानसभा चुनाव कराए जाने चाहिए। उनका कहना था कि आजादी के बाद भारत में विलय की प्रक्रिया पूरी होने के बाद से जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। जम्मू-कश्मीर के लोग भारतीय नागरिक हैं और कांग्रेस राज्य की सुरक्षा, शांति, विकास और प्रगति के लिए काम करने के अपने संकल्प को दोहराती हैं।

### संसद में राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने रखी बड़ी मांग

# न्यायाधीशों की संपदा का ब्यौरा किया जाना चाहिए सार्वजनिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के शीतकालीन सत्र का दूसरा हफ्ता शुरू हो चुका है। सोमवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने के बाद भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने बड़ी मांग रखी। उन्होंने कहा कि देश की उच्च न्यायपालिका के जजों को अपनी संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक करना चाहिए। सुशील मोदी ने राज्यसभा में कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए संपत्ति की घोषणा करना अनिवार्य बनाया जाए। उन्होंने इस व्यवस्था को लागू करने के लिए मौजूदा कानून में संशोधन करने या जरूरत पड़ने पर नया कानून बनाने का सुझाव भी दिया।

शून्यकाल के दौरान भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने सोमवार को कहा कि उच्च न्यायालय के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए भी सालाना संपत्ति की घोषणा करना अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्री और सिविल सेवक हर साल अपनी संपत्ति का ब्यौरा जमा कराते हैं। ऐसे में अदालतों पर भी यह व्यवस्था लागू की जाना चाहिए। सुशील मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री समेत मंत्रियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों को भी हर साल संपत्ति का ब्यौरा देना होता है। सुशील मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि जनता को विधानसभा और संसद के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संपत्ति के बारे में जानने का अधिकार है। इस कारण जनप्रतिनिधियों को संपत्ति की घोषणा करते हुए हलफनामा दाखिल करना होता है। उन्होंने कहा, अगर निर्वाचन के बाद जनप्रतिनिधि संपत्ति का ब्योरा देते हैं तो सरकारी कार्यालयों में सेवारत और सरकारी खजाने से वेतन लेने वाले किसी भी व्यक्ति को अनिवार्य रूप से अपनी संपत्तियों का वार्षिक विवरण घोषित करना चाहिए, भले ही वह न्यायपालिका में ही क्यों न हो। भाजपा सांसद ने कहा कि जिस तरह विधायक-सांसद के बारे में जानना जनता का हक है, अदालतों में मुकदमा लड़ने वाले वादी को भी न्यायाधीशों की संपत्ति जानने का अधिकार है। इससे न्यायिक प्रणाली में जनता का भरोसा और मजबूत होगा। सुशील कुमार मोदी ने 26 साल पुराने फैसले का जिक्र करते हुए कहा, मई 1997 में सुप्रीम कोर्ट की फुल बेंच ने सभी न्यायाधीशों को अपनी संपत्तियों की अनिवार्य घोषणा का आदेश पारित किया, लेकिन बाद में फुल बेंच ने घोषणा को स्वैच्छिक बना दिया। उन्होंने कहा, शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर संपत्ति घोषणा अनुभाग को 2018 से अपडेट नहीं किया गया है। हाईकोर्ट के मामले में केवल पांच उच्च न्यायालयों के चुनिंदा न्यायाधीशों ने संपत्ति का ब्यौरा दिया है। इसमें बदलाव होना चाहिए।

### प्याज निर्यात पर प्रतिबंध का एमवीए ने किया विरोध

# महाराष्ट्र विधानमंडल के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के विधायकों ने सोमवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाने और अन्य कृषि संबंधी मुद्दों की मांग को लेकर महाराष्ट्र विधानमंडल के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

एमवीए के सहयोगी दल कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) और शिवसेना (यूबीटी) के विधायकों के साथ-साथ विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार (विधानसभा) और अंबादास दानवे (परिषद) ने प्याज निर्यात प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्र के खिलाफ नारे लगाए। इससे प्याज उत्पादकों के लिए भारी समस्याएं पैदा हो गई हैं। बाजारों में सब्जियों की कीमतें गिर गई हैं और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भी नहीं मिल पा रहा है। पिछले गुरुवार को विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुरू होने के बाद से तीसरे दिन विरोध प्रदर्शन कर रहे एमवीए विधायकों ने मांग की कि केंद्र को प्याज निर्यात प्रतिबंध हटाना चाहिए और प्याज और सोयाबीन के लिए गारंटी कीमत देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस साल खराब मानसून और बाद में सर्दियों में बेमौसम बाढ़/ओलावृष्टि के कारण किसानों को दोहरा नुकसान हुआ है, जिससे वे बर्बाद हो गए हैं। विपक्ष के नेताओं के अलावा, उपस्थित अन्य प्रमुख नेताओं में राकांपा (सपा) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल, अनिल देशमुख, सुनील भुसारा, कांग्रेस के जीशान सिद्दीकी, रवींद्र धांगेकर, शिवसेना (यूबीटी) के भास्कर जाधव और अन्य शामिल थे। विधानमंडल के बाहर विरोध प्रदर्शन एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के नासिक के चंदवाड़ में प्याज उत्पादकों के आंदोलन और धरना प्रदर्शन में शामिल होने के तुरंत बाद हुआ। पवार ने केंद्र की किसान विरोधी नीतियों की आलोचना की।

### विश्वबैंक समूह ने सरकार के सहयोग से तैयार की रिपोर्ट

# सड़क सुरक्षा उपायों से बचा सकते हैं 40 हजार से अधिक जान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्वबैंक समूह और भारत सरकार के सहयोग से तैयार सड़क सुरक्षा पर आयोजित एक रिपोर्ट के अनुसार कॉरिडोर-आधारित सड़क सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने से देश में हर साल 40,000 से अधिक लोगों की जानें बचाई जा सकती हैं। वर्ल्ड बैंक समूह और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से सेवलाइफ फाउंडेशन द्वारा तैयार की गयी 'रोड सेफ्टी गुड प्रक्टिसेस इन इंडिया' अध्ययन रिपोर्ट का सोमवार को यहां सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा जारी किया गया। इस रिपोर्ट में देश भर से सड़क सुरक्षा के सफल उदाहरणों को प्रदर्शित किया गया है। यह अध्ययन सड़क सुरक्षा के ऐसे समाधानों का संग्रह हैं जिनके कारण चयनित सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों में उल्लेखनीय और कई मामलों में कमी आई है।

रिपोर्ट में यह तथ्य दर्शाया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग - 48 (ओल्ड मुंबई-पुणे राजमार्ग) की ज़ीरो फैटलिटी कॉरिडोर (जडएफसी) परियोजना से 2018 -21 के बीच उस खंड पर दुर्घटना मृत्यु दर में 61 फीसदी की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गयी। इसी तरह, कर्नाटक के बेलगाम - यारागट्टी राजमार्ग का सेफ कॉरिडोर डेमोंस्ट्रेशन प्रोजेक्ट (एससीडीपी) ने 2015-18 तक तीन वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में होनें वाली मौतों में 54 फीसदी की कमी दर्ज की। रिपोर्ट में इसी तरह केरल के सबरीमाला सेफ जोन प्रोजेक्ट से में 2019-2021 के बीच इस खंड पर दुघर्टना में एक भी मृत्यु न होने का रिकार्ड बना है। रिपार्ट में कहा गया है कि सबरीमाला सेफ जोन की यह सफलता देश भर में तीर्थ स्थलों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण का काम कर सकता है।

### सबरीमाला सेफ जोन को मिली सफलता

**आपातकालीन चिकित्सा प्रक्रिया में सुधार लाने की जरूरत :** इस रिपोर्ट में विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने, प्रभावी और बदलाव तथा आपातकालीन चिकित्सा प्रक्रिया में सुधार लाना शामिल हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में जारी की गई इस रिपोर्ट में समाधानों को कॉरिडोर-आधारित, नेटवर्क-आधारित और राज्य-आधारित रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसमें नौ कॉरिडोर-आधारित, दो शहर/नेटवर्क-आधारित और दो राज्य-आधारित उदाहरण शामिल हैं। यह अध्ययन रिपोर्ट इन समाधानों और उनकी प्रक्रिया का दस्तावेजीकरण है, ताकि इन चुनिंदा उदाहरणों को प्रभावी ढंग से अपनाया जा सके और उनकी प्रतिकृति बनाई जा सके।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।